www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 329 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
24 फरवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

दैनिक
# तमसा संकेत
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदय: 06:36
सूर्यास्त: 06:04
अधिकतम: 28°00
न्यूनतम: 14°00



पेज 07 »

विशेष समाचार | योगी को कई चौकिया फतेह... >> पेज 04 | चलती ट्रेन में प्रेग्नेंट महिला ... >> पेज 06 | रश्मिका और विजय ने शादी ...

## सीएम योगी के सिंगापुर दौरे का पहला दिन





### सिंगापुर में दहाड़े योगी, कहा- 9 साल पहले यूपी में दंगा और अराजकता थी, अब है विकास का मॉडल

योगी आदित्यनाथ ने कहा- नौ साल पहले उत्तर प्रदेश में अफरा-तफरी मची हुई थी. दंगे, सुरक्षा की कमी, अव्यवस्था और अराजकता इसकी पहचान बन गई थी. पिछले 9 सालों में PM नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सपने को हकीकत में बदल रहा है. आप वहां विरासत और विकास का एक शानदार मेल देख सकते हैं।

### न्यू इंडिया दिखा रहा दुनिया को अपनी ताकत

हम सभी को गर्व है कि न्यू इंडिया दुनिया को अपनी ताकत दिखा रहा है. हर भारतीय को न्यू इंडिया पर गर्व होना चाहिए. वह न्यू इंडिया जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी के तौर पर खुद को स्थापित करेगा. हमने पिछले 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुणा करने में सफलता प्राप्त की है।

>> (शेष पेज 06 पर)

- सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे को बताया महत्वपूर्ण
- सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- नौ वर्ष में तीन गुणा हुई अर्थव्यवस्था

## सिंगापुर में योगी- योगी के नारे, सीएम योगी बोले- बना रहता है माता और मातृभूमि का कर्ज

# ब्रह्मोस ने अच्छे-अच्छे को कंपा दिया : योगी

**दौरा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। CM योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सिंगापुर में प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, यूपी में डिफेंस कॉरिडोर बना है। ऑपरेशन सिंदूर में जो ब्रह्मोस मिसाइल दागी गई थी, वह लखनऊ की थी। कितना सटीक निशाना था, न। अच्छे-अच्छे को कंपा दिया था। इस पर लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। सीएम ने कहा, अगर आप 5 साल पहले अयोध्या आए होंगे, तो अब पहचान नहीं पाएंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### योगी बोले- एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना सच होता दिख रहा

जो लोग कहते हैं कि भारत में भेदभाव होता है और लोग बंटे हुए हैं, उन्हें प्रयागराज में सद्भाव के दर्शन करने चाहिए. जब महाकुंभ के दौरान संगम में एक साथ 66 करोड़ भक्त डुबकी लगाते हैं – वहां कोई बड़ा या छोटा नहीं होतागंगा में उनकी 'आस्था की डुबकी' से, एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना सच होता दिख रहा है.

सीएम के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और उद्योग मंत्री नंद गोपाल नंदी नजर आए। नंदी और वित्त मंत्री कोट-पैंट पहने हुए थे, जबकि सीएम पारंपरिक परिधान यानी भगवा कपड़ों में नजर आए। सीएम 3 दिन में 25 कंपनियों के सीईओ से मुलाकात करेंगे। इसके बाद 25 फरवरी को जापान पहुंचेंगे।





**20** हजार नौकरियों की सौगात | **6,650** करोड़ का निवेश

### भारत में सबसे ज्यादा एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा, भारत में सबसे ज्यादा एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में हैं. प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का उद्घाटन करेंगे. यह भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने वाला है।

### सिंगारपुर में महिला बोलीं- योगी है तो यूपी सुरक्षित है

कार्यक्रम में सिंगापुर में रह रही भारतीय मूल की स्वाति ने अपनी भावनाएं व्यक्त की। खुद को उत्तर प्रदेश और सीएम योगी आदित्यनाथ की बहन बताया। कहा कि संस्कृत में मुख्यमंत्री का संबोधन सुनकर वह प्रेरित हुईं।

> > (शेष 06 पर)

सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने बताया कि सिंगापुर की कंपनियां पहले से ही उत्तर प्रदेश में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं। दोनों नेताओं के बीच आर्थिक सहयोग और निवेश संबंधों को और मजबूत करने पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## सुप्रीम कोर्ट त्योहारों में हवाई किराया बढ़ाने पर सख्त

### केंद्र से 4 हफ्ते में एससी ने जवाब मांगा

**चिंता**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को त्योहारों और इमरजेंसी हालातों में प्राइवेट एयरलाइंस के हवाई किराए बढ़ाने को लेकर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत गंभीर चिंता का विषय है। वरना, हम 32 पिटीशन पर विचार नहीं करते।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सिविल एविएशन मिनिस्ट्री इस मुद्दे पर विचार कर रही है। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार और डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) को विचार करने और जवाब देने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। यह मामला एक जनहित याचिका (PIL) से जुड़ा है, जिसमें प्राइवेट एयरलाइंस के त्योहारों के समय अचानक किराया बढ़ाने और अतिरिक्त शुल्क वसूलने पर कंट्रोल के लिए नियम बनाने की मांग की गई है।

**सरकार बोली- मामले को हाईलेवल पर देख रहे**

>> (शेष पेज 06 पर)

## एआई समिट हंगामा, पुलिस ने 7 आरोपी किए गिरफ्तार

### यूथ कांग्रेस नेशनल प्रेसिडेंट से भी पूछताछ

**कार्रवाई**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



नई दिल्ली । दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने 7वीं गिरफ्तारी की है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से यूथ कांग्रेस नेता जीतेंद्र यादव को गिरफ्तार किया।

सोमवार को पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष उदय भानु चिब से भी पूछताछ की है। ग्वालियर से हिरासत में लिए गए दो लोगों ने राजा गुर्जर और अजय कुमार के नाम शामिल हैं। आरोप है कि ये सभी शर्टलैस प्रदर्शन में शामिल थे। वीडियो के जरिए इनकी पहचान की गई है। दिल्ली की तिलक नगर थाना ने यह एक्शन लिया है। सभी को दिल्ली लाया गया है। इस मामले में पुलिस गैर जमानती धाराओं में FIR दर्ज की है।

**आरोपी कृष्ण हरि की कार से पीएम फेस वाली टीशर्ट मिली**

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### पश्चिम बंगाल की जनता के लिए पीएम ने लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के नागरिकों के नाम हिंदी और बांग्ला भाषा में एक खुला पत्र लिखा है। इमसें उन्होंने CAA का जिक्र करते हुए घुसपैठ पर लगाम, राज्य के विकास, कानून-व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के मुद्दों पर अपनी बात रखी है।

**अभियान सफलता**

### किश्तवाड़ में टेरर नेटवर्क का खात्मा

श्रीनगर । व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि किश्तवाड़ में उनके अलावा जम्मू कश्मीर पुलिस और CRPF समेत सेना की इंटेलीजेंस एजेंसी भी शामिल रहीं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 3 आतंकी मारे गए थे। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। सिक्योरिटी एजेंसियों के शुरुआती अंदाजों से पता चलता है कि रविवार को मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक सैफुल्लाह था, जो खुद को जैश ए मोहम्मद का कमांडर बताता था।

### राहुल इंडी अलायंस का नेतृत्व छोड़ें

कोलकाता । कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने रविवार को कोलकाता में कहा कि ममता दीदी के बिना, INDIA गठबंधन का 'I', 'N', 'D', 'I', 'A' खत्म हो जाएगा। क्योंकि ममता बनर्जी इस गठबंधन की लीडर हैं। उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए।

# बस हाईवे से नदी में गिरी 18 की मौत 25 घायल

### मरने वालों में 2 विदेशी नागरिक, कंट्रोल खोने से हादसा

**हादसा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**





काठमांडू । नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं।

(शेष पेज 06 पर)

### हादसे के समय बस में 44 लोग सवार थे

मरने वालों में 12 पुरुषों और 6 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में कुल 44 यात्री सवार थे।

घायल 26 यात्रियों को बचा लिया गया है। कुछ का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है, जबकि अधिकांश को आगे के इलाज के लिए काठमांडू रैफर कर दिया गया है। यह दुर्घटना आधी रात को होने के कारण बचाव अभियान में परेशानी हुई।

>> (शेष 06 पर)

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा

# डबल डेकर बस पलटी

**दर्दनाक**


**तमसा संकेत, एजेंसी**

**21** यात्री घायल | **5** की मौत



लखनऊ । लखनऊ में डबल डेकर बस पलट गई। इसमें 5 की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। 3 की मौके ही मौत हो गई, जबकि 3 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 8 घायलों को ट्रामा सेंटर भेजा गया है। बस लुधियाना (पंजाब) से दरभंगा (बिहार) जा रही थी। बताया जा रहा है कि 80 किलोमीटर से ज्यादा की स्पीड से जा रही बस पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गोसाईगंज के पास पलटी। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। क्रेन की मदद से बस को उठाकर टोल प्लाजा ले जाया गया। कहा जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। वहीं, ARTO प्रवर्तन आलोक यादव भी मौके पर पहुंच गए हैं। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र का है।

>> (शेष पेज 06 पर)



हादसे के बारे में पता चलते ही लोक बंधु अस्पताल में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। स्ट्रेचर और व्हीलचेयर के इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही सभी डॉक्टरों को बुला लिया गया है।

### डीसीपी बोले- एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया- सूचना मिली थी कि लुधियाना, पंजाब से मोतीहारी, बिहार जाने वाली डबल डेकर स्लीपर बस पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस-प्रशासन की टीम एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। एक महिला, एक पुरुष और 3 बच्चियों की मौत हुई है। घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया है। उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस दुर्घटना में FIR दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं।

## आरोप : सरकारी कमरों से संचालित हो रहा समानांतर तंत्र, वेतन के स्रोत पर उठे गंभीर सवाल

# अकबरपुर ब्लॉक में निजी कर्मचारियों का नेटवर्क

**बृजेंद्र वीर सिंह**





तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जनपद के अकबरपुर ब्लॉक में तैनात कुछ सेक्रेटरियों की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों का दावा है कि ब्लॉक परिसर में स्थित आधिकारिक कमरों का उपयोग निजी कार्यालय की तरह किया जा रहा है। इन कमरों में 1-2 निजी कर्मचारी नियमित रूप से बैठते हैं, जो सरकारी फाइलों और योजनाओं से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।



जानकारी के अनुसार, ये निजी कर्मचारी किसी भी प्रकार से सरकारी पेरोल पर दर्ज नहीं हैं। इसके बावजूद वे सरकारी दस्तावेजों की प्रक्रिया, आवेदन की जांच और फाइलों की आवाजाही में दखल देते हैं। सवाल यह उठ रहा है कि जब ये कर्मचारी आधिकारिक स्टाफ नहीं हैं तो इनके वेतन का भुगतान किस स्रोत से हो रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह होनी चाहिए।

### वेतन का स्रोत बना चर्चा का विषय

सबसे बड़ा प्रश्न इन निजी कर्मचारियों के वेतन को लेकर उठ रहा है। चूंकि उनका कोई सरकारी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें भुगतान किस मद से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि वेतन कथित तौर पर अवैध वसूली और कमीशन से जुटाई गई रकम से दिया जाता है। एक पूर्व अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि इस तरह की व्यवस्था में निजी कर्मचारी सेक्रेटरी के विश्वस्त माने जाते हैं। आधिकारिक स्टाफ पर निगरानी अधिक होने के कारण कई बार समानांतर व्यवस्था बनाई जाती है, जिससे कार्यप्रणाली पर बाहरी नजर कम रहे।

### प्रशासनिक चुप्पी, जवाब का इंतजार


मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन संपर्क नहीं हो सका। ब्लॉक स्तर पर किसी भी अधिकारी ने सार्वजनिक रूप से आरोपों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। यदि आरोपों में सत्यता पाई जाती है तो यह न केवल वित्तीय अनियमितता का मामला होगा, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करेगा। सरकारी कार्यालयों में निजी कर्मचारियों की तैनाती और उनके माध्यम से कार्य निष्पादन नियमों के अनुरूप नहीं माना जाता।

## मैं भाग नहीं रहा हूं, सामना करूंगा : अविमुक्तेश्वरानंद

### हरदोई में पीड़ित के परिवार का बयान लिया गया

**जांच**

**तमसा संकेत, एजेंसी**





प्रयागराज/वाराणसी । शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की FIR होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी है। प्रयागराज पुलिस की एक टीम ने हरदोई में पीड़ित के परिवार का बयान लिया है। दूसरी टीम सोमवार दोपहर पुलिस टीम वाराणसी पहुंची। टीम शंकराचार्य से पूछताछ कर सकती है। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तार भी कर सकती है। इधर, सोमवार सुबह शंकराचार्य ने वाराणसी के आश्रम में वकीलों के साथ बैठक की। माना जा रहा, गिरफ्तारी से बचने के लिए वह हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं।

बैठक के बाद शंकराचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैं कहीं भाग नहीं रहा। पुलिस का सामना करूंगा। जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप लगा है, वे मेरे गुरुकुल के नहीं हैं। जनता को यूपी पुलिस पर भरोसा नहीं।

**रोती महिला भक्त को समझाया- गुरु गड़बड़ निकल जाए तब रोना**

>> (शेष पेज 06 पर)

# एलयू में नमाज को लेकर छात्र आमने-सामने

## एक गुट ने नमाज पढ़ी तो दूसरे ने जय भवानी-जय श्रीराम के जयकारे लगाए

विवाद

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ यूनिवर्सिटी कैंपस में नमाज पढ़ने का विवाद बढ़ गया है। रविवार को जिस जगह मुस्लिम छात्रों ने नमाज पढ़ी और इफ्तार किया, सोमवार को उसी जगह हिंदू छात्रों ने जय भवानी, जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

फिलहाल, कैंपस के अंदर माहौल तनावपूर्ण है। इसे देखते हुए वहां फोर्स लगाई गई है। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने फेसबुक पर पोस्ट किया। लिखा- विश्वविद्यालय प्रशासन कैंपस को नफरत की प्रयोगशाला न बनाए। उस जगह को बच्चों के लिए खोल दिया जाए।

दरअसल, कैंपस के अंदर लाल बारादरी बिल्डिंग है, जिसके अंदर मस्जिद होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, कई छात्रों का यह भी कहना है कि उसके अंदर एक छोटा मंदिर भी है। बिल्डिंग काफी जर्जर हो गई है, इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन उसका रेनोवेशन करा रहा है। रविवार को जैसे ही खोदाई शुरू हुई, बड़ी संख्या में NSUI के स्टूडेंट मौके पर पहुंच गए। छात्रों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कहा- लाल बारादरी ASI द्वारा संरक्षित स्थल है, इसलिए बिना उसकी अनुमति के कोई कंस्ट्रक्शन नहीं किया जा सकता।





### एलयू प्रशासन और पुलिस से बात कर रहे एबीवीपी के छात्र

लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से चीफ प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी और पुलिस की तरफ से ACP अंकित कुमार से ABVP के छात्र बात कर रहे हैं। उनकी मांग है कि कल कैंपस में नमाज पढ़ने और उत्पात मचाने वाले छात्र गिरफ्तार किए जाएं।

### नमाज वाली जगह फिर खोली जाए : एनएसयूआई

NSUI से जुड़े छात्र विशाल सिंह ने कहा कि आज प्रॉक्टोरियल बोर्ड आकर मिला है। उनसे बात होने के बाद उनके आश्वासन के मुताबिक काम होने का इंतजार करेंगे। नमाज वाली जगह फिर से खोली जाए। हमारी बात नहीं मानी जाएगी तो सुनियोजित तरीके से प्रदर्शन करेंगे।

> लाल बारादरी बिल्डिंग पर नमाज पढ़ने के समर्थन वाले छात्र प्रशासनिक भवन के सामने पहुंच गए हैं। वहां उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी।

### पुलिस और एलयू प्रशासन से एबीवीपी ने गिरफ्तारी मांगी

ABVP ने पुलिस और LU प्रशासन से उन छात्रों की गिरफ्तारी मांगी है जो कल से प्रदर्शन कर रहे हैं।

ABVP से जुड़े छात्र जतिन शुक्ला ने ACP अंकित कुमार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के बाद राइट विंग समर्थित छात्र गुट मौके से निकला। इनकी मांग थी कि रविवार से आंदोलन कर रहे संयुक्त मोर्चा के छात्रों के खिलाफ FIR दर्ज हो और उन पर कार्रवाई हो। मौके पर चीफ प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी और लखनऊ पुलिस की टीम ACP अंकित कुमार की अगुआई में मौजूद रही।



लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने भवन के जर्जर होने का बोर्ड लगा रखा है

# मांझे से बाइक सवार की गर्दन कटी राहगीर महिला ने तुरंत संभाला

## युवक ने रूमाल से खून रोकने की कोशिश की

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में चाइनीज मांझा रोकने के लिए सीएम योगी का आदेश और पुलिस की सख्ती धरी रह गई। रविवार शाम एक बार फिर दुर्घटना हो गई। बाइक से जा रहे युवक की गर्दन में मांझा उलझ गया। गनीमत रही कि उसने तुरंत बाइक रोक दी जिससे उसकी गर्दन पूरी तरह कटने से बच गई। हालांकि, गर्दन से तेज खून निकलने लगा था। पास से गुजर रही महिला ने जैसे ही देखा उसने तुरंत युवक को संभाल लिया। एक अन्य राहगीर युवक ने अपना रूमाल बांधकर खून रोकने की कोशिश की। युवक अपनी गर्दन सीधी किए हुए किसी तरह बाइक से उतरा। उसके बाद चलते हुए ऑटो तक पहुंचा। उस पर बैठकर पास के अस्पताल पहुंचा जहां उसका उपचार चल रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना रविवार शाम करीब 5 बजे की है।



बाइक सवार सुजीत आईटी चौराहे की ओर से गुजर रहा था। इसी दौरान हवा में तना पतंग का मांझा उसकी गर्दन में आकर उलझ गया। मांझा इतना धारदार था कि गर्दन पर गहरा कट लग गया और खून बहने लगा। अचानक हुई इस घटना से आसपास अफरा-तफरी मच गई। युवक बाइक रोककर सड़क किनारे खड़ा हो गया। घटना स्थल पर मौजूद एक महिला तुरंत आगे आई। उसने बिना देर किए अपनी हाथों से युवक की गर्दन दबाकर खून रोकने की कोशिश की। फिर रूमाल लगाकर घाव पर दबाव बनाया, जिससे खून का बहाव कम हुआ।

फास्ट न्यूज

### बीकेटी में बच्चों से भरी स्कूल वैन पलटी

बख्शी का तालाब । लखनऊ के बक्शी का तालाब (बीकेटी) थाना क्षेत्र में एक स्कूल वैन बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में वैन में सवार कई बच्चे घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह घटना महिपतपुर इलाके में हुई। आदर्श सरस्वती जूनियर हाई स्कूल की वैन सड़क किनारे बनी पानी की टंकी से टकराकर पलट गई।

### लखनऊ में पैथोलॉजी मालिक की हत्या

मोहनलालगंज । लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति का शव ड्रम में मिला। मृतक की पहचान मानवेंद्र सिंह के रूप में हुई। घटना आशियाना कोतवाली के अंतर्गत सेक्टर L स्थित मकान नंबर 91 की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। शुरू जांच में आया है कि बेटे ने पिता की हत्या की है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। पता चला है कि मानवेंद्र लापता थे। उनकी गुमशुदगी दर्ज थी। अब तक घटना के कारणों की जानकारी नहीं हुई है। मानवेंद्र सिंह वर्धमान पैथोलॉजी के मालिक थे।

### गोधन समागम में जुटे किसान

लखनऊ । गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज 'गोधन समागम–2026' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दुग्धशाला विकास विभाग और पशुधन एवं पशुपालन विभाग की ओर से किया गया। कार्यक्रम में करीब 1000 किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजकीय पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

# भाकपा माले का जोरदार प्रदर्शन चारबाग में लगा जमावड़ा

## विधानसभा घेरने निकले, बुलडोजर का विरोध किया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाकपा (माले) के पदाधिकारी और सदस्य प्रदेशभर से चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे। विधानसभा घेराव के लिए आगे बढ़े। पुलिस उन्हे बैरिकेडिंग करके उन्हें रोक लिया। इस पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों में तीखी नोकझोंक हुई। यूपी के 75 जिलों से कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े हुए पदाधिकारी और सदस्यों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। बुलडोजर, बिजली का निजीकरण, किसानों को फसलों का उचित दाम और आम आम जनता से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा।

पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश सेंगर ने कहा कि लगातार बुलडोजर के जरिए पूरे प्रदेश में किसानों का और आम लोगों का दमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान को ताख पर रखकर प्रदेशभर में बुलडोजर चल रहा है। पुलिसिया दमन के सहारे बुलडोजर चला कर आम आदमी के दुकानों को मकान को तोड़ा जा रहा है।



आज हम लोग विधानसभा घेरकर इस गूंगी-बहरी सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने आए हैं। पुश्तैनी जमीन, पट्टा, वन भूमि पर आबादी और गरीबों की बदहाली का मुद्दा उठा रहे हैं। मनरेगा को बहाल करके 200 दिनों का काम मांग रहे हैं। मनरेगा में 600 प्रतिदिन मानदेय दिया जाए। महिला संगठन की प्रदेश सचिव कुसुम वर्मा ने कहा- हमने योगी आदित्यनाथ को चुना। उनको विधानसभा में बैठाया। आज हमारी ही नहीं सुनी जा रही है।

# 95 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

## मा. विधायक मोहनलालगंज अमरेश कुमार, मा. जिलाध्यक्ष भाजपा, विजय मौर्य, मा. ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला द्वारा जोड़ों को दिया आशीर्वाद एवं उपहार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। विकास खण्ड मोहनलालगंज के गौरा रिज़ॉर्ट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत विकास खण्ड मोहनलालगंज के 95 जोड़ों का विवाह धूमधाम से आयोजित किया गया। मा. विधायक मोहनलालगंज अमरेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज, ॐ प्रकाश शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन कर सामूहिक विवाह की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान विवाह गीत, और सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच पुरोहितों ने विधिविधान से सामूहिक विवाह की रस्में पूरी करें। वहीं ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज, भाजपा जिलाध्यक्ष और उपस्थित गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने कन्यादान कर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया गया।सभी जनप्रतिनिधियों ने स्वयं एक एक जोड़े के पास स्वयं जाकर विधि विधान से सामूहिक विवाह संपन्न कराया।





मुख्य अतिथि अमरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से आज सभी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सामूहिक विवाह के माध्यम से गरिमामय रूप से बड़े बड़े आयोजन कर पात्र कन्याओं का सामूहिक विवाह समाज कल्याण विभाग करा रहा है, जिसमें कन्या के खाते में रुपये 60 हजार डीबीटी के माध्यम से एवं रुपये 25 हजार की वैवाहिक उपहार सामग्री भी प्रदान की जा रही है। साथ ही आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं भी समाज कल्याण विभाग द्वारा रुपये 15 हजार से की गई हैं। उन्होंने मंच से समस्त नव विवाहित वर वधुओं को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि वार्षिक 3 लाख आय सीमा में जीवन यापन करने वाले परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं का सामूहिक विवाह योजनांतर्गत कराया जाता है एवं ऑनलाइन आवेदन की जांच के बाद पात्र जोड़ों का सामूहिक विवाह एक स्थान पर तिथि निर्धारित कर आयोजित किये जाने की व्यवस्था है। मुख्य अतिथि के साथ कार्यक्रम के दौरान विजय मौर्य, जिलाध्यक्ष भाजपा, ओम प्रकाश शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज, पूर्व विधायक मोहनलालगंज चंदा रावत , वीरेंद्र प्रताप सिंह, चेयरमैन, जिला सहकारी बैंक, अजीत कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जलशक्ति मंत्री ने जल जीवन मिशन व राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की समीक्षा

# 'गर्मियों में किसी को भी नहीं होनी चाहिए पीने के पानी की किल्लत'

- सड़क रिस्टोरेशन के बचे कार्यों को मार्च तक पूरा करने के दिए निर्देश
- जमीनी हकीकत जानने के लिए अधिकारी करें निरीक्षण
- हर इंजिनियर रोजाना 10 ग्राम प्रधानों से बात कर जलापूर्ति की ले जानकारी
- किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत कराया जाए समाधान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। गर्मियों के दौरान गांवों में पेयजल से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या न आए। इसके लिए राज्य सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बाबत सोमवार को उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जल निगम ग्रामीण मुख्यालय में जल जीवन मिशन और राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि गर्मियों के दौरान कहीं भी जलसंकट की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारी अभी से जरूरी तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक इंजीनियर रोजाना 10 ग्राम प्रधानों से बात कर पेयजल योजनाओं की जानकारी लें। अगर कोई समस्या आती है, तो उसे तुरंत ठीक कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को कोई दिक्कत न आए।



जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की प्रगति से कराएं अवगत



### जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की प्रगति से कराएं अवगत

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि इंजीनियर जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि इसमें किसी भी तरह का कोई संकोच नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी योजनाओं के बारे में जानकारी दें। साथ ही जनता से भी संवाद बनाए रखें।

समीक्षा में जलशक्ति मंत्री ने सड़क रिस्टोरेशन के कार्यों को और तेज करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां मार्च अंत तक रिस्टोरेशन कार्यों को पूरा कर लिया जाए। साथ ही आला अधिकारियों को निर्देश कि वो मौके पर जाकर सड़क रिस्टोरेशन के कार्यों का निरीक्षण करें। किसी भी तरह की कमी होने पर कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी जलशक्ति मंत्री ने दिए।

# सपा विधायकों का मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपकर कई जनपदों में मतदाता सूची से संबंधित कथित अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शिकायतों का संज्ञान लेकर त्वरित कदम उठाए जाएं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जनपद फर्रुखाबाद की सदर विधानसभा के पोलिंग बूथ संख्या 83, 85, 86 और 87 पर क्रमशः 80, 87, 46 और 63 फॉर्म-7 बरामद किए गए हैं। इन प्रपत्रों में जिन लोगों के हस्ताक्षर दर्शाए गए हैं, उन्होंने कथित तौर पर हस्ताक्षर से इनकार किया है और इसे फर्जी बताया है। सपा का आरोप है कि बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा कराकर विशेष समुदाय और पीडीए समर्थक मतदाताओं के नाम काटने का दबाव बनाया जा रहा है। जनपद गोरखपुर की ग्रामीण विधानसभा के पोलिंग बूथ संख्या 339 के 498 मतदाताओं को कथित तौर पर 10 किलोमीटर दूर बूथ संख्या 310 में जोड़े जाने का मुद्दा भी उठाया गया है। सपा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता को अधिकतम 2 किलोमीटर के दायरे में मतदान केंद्र उपलब्ध होना चाहिए, ऐसे में यह बदलाव नियमों के विपरीत है।

- अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल ने की निष्पक्ष और पारदर्शी एसआईआर प्रक्रिया की मांग

**आरोप : जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ की मनमानी से बोर्ड परीक्षा की निष्पक्षता खतरे में, शिक्षा विभाग मौन - महेंद्र सिंह**

# 'नियमों को रौंद रहा डीआईओएस कार्यालय'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में संचालित बोर्ड परीक्षाओं के बीच परीक्षा प्रबंधन को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि लखनऊ के जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) कार्यालय द्वारा स्थापित नियमों की अनदेखी कर विषय अध्यापकों से ही संबंधित विषय की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार जिस विषय की परीक्षा आयोजित हो, उस विषय का शिक्षक से विद्यालय में ड्यूटी नहीं कराई जा सकती है । इसके बावजूद कई परीक्षा केंद्रों पर इस नियम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है। महेंद्र सिंह ने कहा, "यदि नियमों को ही दरकिनार कर परीक्षा कराई जाएगी तो पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित होगी? यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही है, बल्कि परीक्षा की साख को कमजोर करने वाला कदम है।" जनपद के बप्पा वोकेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, मोतीलाल इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, एमकेसडी, विद्यांत इंटर कॉलेज, सेंटिनल इंटर कॉलेज, गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित अधिकाश परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित न होने से परीक्षा संचालन में गंभीर कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। केंद्र व्यवस्थापक द्वारा संबंधित अधिकारियों से लगातार दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर कक्ष निरीक्षकों की तत्काल उपलब्धता की मांग की जा रही है, किंतु अब तक आवश्यक संख्या में कक्ष निरीक्षक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिला विद्यालय निरीक्षक की मनमानी के कारण शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है, जबकि शिक्षा विभाग इस पूरे मामले में मौन साधे हुए है।




### मांगें

- विषय अध्यापकों से संबंधित विषय की परीक्षा में ड्यूटी कराने पर तत्काल रोक लगाई जाए।
- गंभीर रूप से अस्वस्थ शिक्षक की ड्यूटी तुरंत नजदीकी परीक्षा केंद्र पर स्थानांतरित की जाए।
- अन्यथा आम आदमी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### संवेदनहीनता की पराकाष्ठा

महेंद्र सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के 6 दिन बीत जाने के बाद भी रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ाने वाले शिक्षक जिनकी हाल ही में हार्ट सर्जरी हुई उनकी ड्यूटी में अभी तक संशोधन नहीं किया है जिन्हें चिकित्सकों द्वारा पूर्ण विश्राम की सलाह दी गई है, उनकी ड्यूटी घर से लगभग 50 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र पर लगा दी गई। पार्टी ने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता का उदाहरण बताते हुए सवाल उठाया है कि क्या DIOS कार्यालय किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है?

महेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि यदि शिक्षक के स्वास्थ्य के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन और DIOS कार्यालय की होगी।

# संत गाडगे महाराज की जयंती पर सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि

## स्वच्छता, सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए समर्पित जीवन को बताया प्रेरणा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि संत गाडगे महाराज का जीवन सामाजिक न्याय, स्वच्छता और शिक्षा के लिए पूर्णतः समर्पित था। उन्होंने दलितों, पीड़ितों और वंचितों की सेवा को ही सच्ची मानव सेवा माना और अपने कीर्तन के माध्यम से पाखंड व अंधविश्वास पर करारा प्रहार किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि संत गाडगे महाराज मायामोह से दूर रहकर 'दरिद्र नारायण' की सेवा को ही मानवता का सर्वोच्च धर्म मानते थे। वे पिछड़ों, दलितों और गरीबों के मसीहा थे। हाथ में झाड़ू लेकर समाज को स्वच्छता और सेवा का संदेश देने के कारण उन्हें स्वच्छता अभियान का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने विद्यालयों, धर्मशालाओं, अनाथालयों और आश्रमों की स्थापना कर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। संत गाडगे महाराज की जयंती आज राजधानी स्थित सपा मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जनपदों में सादगीपूर्ण वातावरण में मनाई गई। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा पूर्व सांसद अरविंद कुमार सिंह ने भी संत गाडगे महाराज को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पार्टी के अनेक पदाधिकारी, पूर्व प्रत्याशी और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने संत गाडगे महाराज के जीवन दर्शन को सामाजिक समरसता, स्वच्छता और समानता का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।



कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, सेवा और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाना बताया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि संत गाडगे महाराज के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को एकजुट रखने की प्रेरणा देते हैं।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वेयरहाउस की व्यवस्थाएं परखी

# ईवीएम - वीवीपैट स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण

**जायजा**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस (स्ट्रांग रूम) का मासिक बाह्य निरीक्षण सोमवार को संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने सुरक्षा एवं संरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस कक्ष के लॉक, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, बैकअप व्यवस्था तथा समग्र सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से अवलोकन किया गया।



अधिकारियों ने मशीन कक्ष के सील और ताले की स्थिति की भी जांच की। मासिक निरीक्षण का उद्देश्य ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखना है। प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी प्रोटोकॉल का पालन हो। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्स्ना बंधु, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद्र द्विवेदी सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की।

जिला प्रशासन के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण नियमित अंतराल पर किया जाता है। मासिक बाह्य निरीक्षण के माध्यम से सुरक्षा, निगरानी और संरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं की समीक्षा की जाती है, जिससे चुनावी प्रक्रिया से संबंधित सामग्री सुरक्षित बनी रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है और आयोग के मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं निरंतर सुनिश्चित की जा रही हैं।

### सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गया कि आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुनिश्चित रखी जाएं। सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निगरानी व्यवस्था सतत रूप से संचालित रहे। अधिकारियों को यह भी कहा गया कि सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग की निरंतरता और बैकअप की समय-समय पर जांच की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में अभिलेख उपलब्ध रहें। वेयरहाउस परिसर में प्रवेश-निकास की प्रक्रिया को भी निर्धारित मानकों के अनुसार पालन करने के निर्देश दिए गए।

### लॉक, सीसीटीवी और बैकअप व्यवस्था सही पाई गई

निरीक्षण में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन कक्ष के सभी लॉक यथावत पाए गए। सीसीटीवी कैमरे सक्रिय अवस्था में संचालित मिले तथा उनका बैकअप भी सुरक्षित पाया गया। आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा प्रबंध संतोषजनक पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों से भी जानकारी ली और नियमित निगरानी की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। सुरक्षा रजिस्टर एवं अभिलेखों का मिलान कर उपस्थिति एवं निगरानी प्रणाली की पुष्टि की गई।

# योग प्रशिक्षकों ने सांसद को सौंपा 6 सूत्रीय मांग पत्र

**आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और राजकीय आयुर्वेदिक अस्पतालों में वेतन व नियुक्ति सुधार की मांग**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । राज्य स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और राजकीय आयुर्वेदिक अस्पतालों में नियुक्त अंशकालिक योग प्रशिक्षकों ने अपने वेतन और सेवा संबंधी समस्याओं को लेकर सांसद लालजी वर्मा को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

हेल्थ वेलनेस के तहत जिले में कुल 13 योग प्रशिक्षक पुरुष और महिला दोनों ही आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा राजकीय आयुर्वेदिक अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में महिला प्रशिक्षकों को 5,000 रुपये और पुरुष प्रशिक्षकों को 8,000 रुपये वेतन दिया जा रहा है। जबकि योग वेलनेस के प्रशिक्षकों और सहायकों को क्रमशः 27,000 और 10,000 रुपये मासिक वेतन मिलता है। मांग पत्र देने के लिए हेल्थ वेलनेस के प्रशिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष विकास चंद्र और उपाध्यक्ष अशोक योगी वर्मा के नेतृत्व में सुबह 10 बजे सांसद के आवास पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने विस्तार से सांसद को वर्तमान वेतन असमानता और अंशकालिक नियुक्तियों से उत्पन्न समस्याओं के बारे में जानकारी दी।



सांसद लालजी वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए आश्वासन दिया कि इन मुद्दों पर संसद में आवश्यक चर्चा कर योग प्रशिक्षकों की समस्याओं को हल कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि महिला और पुरुष प्रशिक्षकों के वेतन में समानता सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर पर पहल की जाएगी। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि वे जिले में आयोजित हेल्थ वेलनेस और योग कार्यक्रमों में नियमित रूप से भागीदारी करते हैं। उनके अनुसार, प्रशिक्षकों की सेवाओं से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और अस्पतालों में मरीजों व नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल रहे हैं। इसके बावजूद वर्तमान वेतन और नियुक्ति असमानताएं कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित कर रही हैं।

**फास्ट न्यूज**

### खुले में पड़ा नीलगाय का शव, ग्रामीणों में रोष

अम्बेडकरनगर । जलालपुर तहसील अंतर्गत ग्राम सभा अशरफपुर भूवा में एक नीलगाय का शव पिछले दो दिनों से खुले में पड़ा हुआ है। शव से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शव के सड़ने से बैक्टीरिया के फैलने और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र में छोटे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई जा रही है।

### पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई

अम्बेडकरनगर। सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने स्वयं उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्ता-पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, साइबर ठगी तथा अन्य आपराधिक मामलों से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कैंसर पीड़ित सिपाही के इलाज में नवयुवक मित्र मंडल का सहयोग

अम्बेडकरनगर । ग्राम सभा औझीपुर, पोस्ट मानिकपुर, तहसील टांडा में नवयुवक मित्र मंडल ने कैंसर पीड़ित सिपाही संदीप गुप्ता के इलाज के लिए 4 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह सहयोग समाजसेवी बरकत अली के आग्रह पर किया गया।

गांव के युवाओं ने जरूरत-मंदों की सहायता के उद्देश्य से नवयुवक मित्र मंडल का गठन किया है।

# आलापुर में मानक विरुद्ध संचालित ईंट भट्ठे

## आवासीय क्षेत्रों के पास चल रहे भट्ठों से पर्यावरणीय संकट

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जिले की आलापुर तहसील क्षेत्र में कई ईंट भट्ठे निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित होने का मामला सामने आया है। आवासीय इलाकों, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों के समीप भट्ठों के संचालन से पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर खतरा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय स्तर पर आरोप है कि कई भट्ठे प्रदूषण नियंत्रण मानकों और निर्धारित दूरी के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। नियमानुसार दो ईंट भट्ठों के बीच कम से कम एक किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए, जबकि कुछ स्थानों पर यह दूरी कम बताई जा रही है।

मानक के अनुसार ईंट का आकार 190×90×90 मिमी तथा गारे का आकार 200×100×100 मिमी होना चाहिए। इसके अलावा भट्ठों के लिए 33 प्रतिशत भूमि पर वृक्षारोपण अनिवार्य है। आवासीय क्षेत्रों, स्कूल और अस्पताल से दूर स्थापना का प्रावधान भी लागू है। भट्ठों में जिग-जैग तकनीक अपनाना, 12 से 17 मीटर ऊंची चिमनी का निर्माण तथा मजदूरों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराना भी अनिवार्य है। आरोप है कि कई संचालक इन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। ईंट भट्ठों के संचालन के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा पर्याव-रणीय अधिनियमों के अनुपालन के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।



# उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता लक्ष्य से अधिक आपूर्ति दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जिले में रबी सीजन के दौरान उर्वरकों की आपूर्ति लक्ष्य से अधिक दर्ज की गई है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी के अनुसार फरवरी माह तक यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी की उपलब्धता निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक रही है।

यूरिया के 38,825 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 52,665 मीट्रिक टन उपलब्ध हुआ। डीएपी का लक्ष्य 12,919 मीट्रिक टन था, जिसके मुकाबले 15,643 मीट्रिक टन की उपलब्धता दर्ज की गई। एनपीके का लक्ष्य 4,055 मीट्रिक टन था, जबकि 9,342 मीट्रिक टन उपलब्ध हुआ। इसी प्रकार एसएसपी के 11,381 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 21,593 मीट्रिक टन उपलब्ध कराया गया। एमओपी का लक्ष्य 603 मीट्रिक टन था, जिसके सापेक्ष 509 मीट्रिक टन उपलब्ध हुआ।

### फरवरी तक निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा पहुंचा स्टॉक



कृषकों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड तथा जोत बही/खतौनी प्रस्तुत करनी होगी। कृषि भूमि के विवरण के अनुसार ही निर्धारित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। सभी बिक्री केंद्रों पर पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित दरों पर वितरण किया जा रहा है। गेहूं की फसल में टॉप ड्रेसिंग के स्थान पर नैनो यूरिया के छिड़काव को वैकल्पिक विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता है।

### वितरण के बाद भी पर्याप्त स्टॉक शेष

वितरण के उपरांत वर्तमान में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में संयुक्त रूप से 9,973 मीट्रिक टन यूरिया, 4,855 मीट्रिक टन डीएपी, 3,070 मीट्रिक टन एनपीके, 9,792 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 185 मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। अधिकारियों के अनुसार जिले में किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है।

जिले को अयोध्या रैक प्वाइंट से शीघ्र ही 415 मीट्रिक टन यूरिया की अतिरिक्त आपूर्ति प्राप्त होगी। इसमें सहकारिता क्षेत्र के लिए एनएफएल कंपनी की 100 मीट्रिक टन (2,222 बोरी) और निजी क्षेत्र के लिए 315 मीट्रिक टन (7,000 बोरी) यूरिया शामिल है।

# 'क्षितिज विभा' का विमोचन, स्वदेशी विज्ञान को नई दिशा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । स्वदेशी विज्ञान आंदोलन को व्यापक बनाने की दिशा में अवध विज्ञान भारती की विज्ञान पत्रिका 'क्षितिज विभा' का प्रवेशांक शनिवार को लखनऊ स्थित राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) सभागार में जारी किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एनबीआ-रआई के निदेशक डॉ. ए.के. शासने ने की। विशेष अतिथि के रूप में राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. भृगुनाथ सिंह मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्रिका को भारतीय वैज्ञानिक परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच सेतु बताया। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन काल से ज्ञान और विज्ञान की भूमि रहा है और ऐसी पहलें युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होंगी।



विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि विज्ञान को प्रयोगशालाओं तक सीमित न रखकर समाज और युवाओं तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने 'क्षितिज विभा' को छात्रों और शोधार्थियों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने वाली पहल बताया।

पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. चन्द्र मोहन नौटियाल ने बताया कि 'क्षितिज विभा' भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के समन्वय पर आधारित है।

# 40 करोड़ रुपये की निविदाओं में कथित अनियमितता

# हॉट मिक्स प्लांट शर्त से ठेकेदार वंचित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । लोक निर्माण विभाग के कंस्ट्रक्शन डिवीजन की लगभग 40 करोड़ रुपये की निविदाओं में कथित घोटाले का मामला सामने आया है। आरोप है कि अधिशासी अभियंता ने निविदा प्रक्रिया में हॉट मिक्स प्लांट की अनिवार्य शर्त जोड़कर करीब 200 ठेकेदारों को टेंडर प्रक्रिया से बाहर कर दिया। कंस्ट्रक्शन डिवीजन, PWD ने कुल 128 कार्यों के लिए निविदाएं जारी की थीं। 16 फरवरी 2026 को शुद्धि पत्र (पत्रांक 206/9A-निविदा) जारी कर हॉट मिक्स प्लांट की अनिवार्य शर्त जोड़ दी गई। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि यह शर्त केवल चुनिंदा 8 फर्मों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगाई गई थी।



सोमवार को ठेकेदारों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला से मिला। प्रतिनिधि-मंडल ने निविदा में हॉट मिक्स प्लांट शर्त, शुद्धि पत्र की वैधता और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के संबंध में शिकायत की। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अभियंता को एक सप्ताह में पूरे मामले का निवारण करने का आदेश दिया। उन्होंने ठेकेदारों से कहा कि सभी आवश्यक कार्रवाई निर्धारित समयावधि में की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि निविदाओं की तिथि बढ़ा दी गई है ताकि प्रभावित ठेकेदारों को अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने और संशोधित शर्तों के अनुसार आवेदन करने का पर्याप्त समय मिल सके। यह कदम पारदर्शिता सुनिश्चित करने और विवादों को समाप्त करने के लिए उठाया गया है।

ठेकेदारों ने उच्च अधिकारियों और विभागीय जांच के माध्यम से पूरे टेंडर प्रबंधन की गहन जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं से बचा जा सके। स्थानीय ठेकेदारों का कहना है कि शर्त लगाने की प्रक्रिया से उनकी आर्थिक और व्यावसायिक हिस्सेदारी प्रभावित हुई है।

### नियमों का कथित उल्लंघन

ठेकेदारों का कहना है कि यह कदम प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, PWD लखनऊ के 16 अक्टूबर 2020 के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। इन निर्देशों के अनुसार हॉट मिक्स प्लांट की शर्त केवल 75 लाख रुपये से अधिक लागत वाले कार्यों में ही लागू होती है। इसके बावजूद कई छोटी निविदाओं में भी यह शर्त लागू कर दी गई।

शिकायत में अधीक्षण अभियंता और कुछ फर्मों के बीच मिलीभगत के आरोप भी लगाए गए हैं। ठेकेदारों का दावा है कि इस कदम से शासन को वित्तीय नुकसान होने की संभावना है और प्रतिस्पर्धा समाप्त हो रही है। आम तौर पर ई-टेंडर प्रक्रिया में दरें 20 प्रतिशत तक कम हो जाती हैं, लेकिन इस शर्त के कारण सामान्य प्रतिस्पर्धा बाधित हुई है।

# बसपा के तत्वाधान में संत गाडगे जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

## आयोजित कार्यक्रम में समाज सुधार और स्वच्छता पर हुई चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में संत गाडगे जयंती के अवसर पर पूर्वांचल कार्यालय अकबरपुर में भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या मंडल के प्रभारी एवं सदस्य जिला पंचायत अरविंद गौतम ने संबोधित करते हुए संत गाडगे महाराज के जीवन और उनके समाज सुधारक कार्यों पर प्रकाश डाला।

अरविंद गौतम ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने समाज से कुरीतियों को दूर करने, स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर निरंतर कार्य किया। उन्होंने महाराष्ट्र के कोने-कोने में धर्मशालाओं, गौशालाओं, विद्यालयों, चिकित्सालयों और छात्रावासों का निर्माण कराया। इसके बावजूद अपने लिए उन्होंने एक कुटिया तक नहीं बनवाई और धर्मशालाओं के बरामदे या वृक्षों के नीचे रहकर जीवन व्यतीत किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य के लिए एक रोटी कम खाई जा सकती है, लेकिन शिक्षा अवश्य प्रदान करनी चाहिए। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अंबेडकरनगर के प्रभारी दयाराम राजभर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और मानवता ही धर्म। उन्होंने बताया कि राष्ट्रसंत गाडगे बाबा ने समाज में बदलाव लाने के लिए झाड़ू और समाज सुधार का संकल्प हाथ में लेकर रास्ता दिखाया। गाडगे महाराज ने कभी केवल किताबी ज्ञान नहीं दिया, बल्कि कर्म से शिक्षा दी। उनके नेतृत्व में सैकड़ों धर्मशालाएं, विद्यालय और अस्पताल बिना किसी दिखावे के बनवाए गए।




विचार गोष्ठी का संचालन जिला अध्यक्ष सुनील सावंत ने किया। जिला महासचिव रोहित प्रजापति, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र भारती, आज्ञाराम प्रधान, अंकित वर्मा, राहुल पाल, विजय एडवोकेट, मोहम्मद आफताब आलम, संदेश भारती, अलाउद्दीन, सचिंद्र वर्मा, रिंकू त्रिपाठी, विनायक निषाद, राम लखन विश्वकर्मा सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता और नागरिकों ने विचार गोष्ठी में भाग लिया।

# ग्रामीणों के सहयोग से भव्य शिव मंदिर का निर्माण

## पहितीपुर बाजार के पूरवा क्षेत्र में सामूहिक पहल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत पहितीपुर बाजार के पूरवा क्षेत्र में ग्रामीणों के सहयोग से भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों की भागीदारी से निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार यह स्थान धार्मिक आस्था का केंद्र माना जाता है। उनका कहना है कि यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। इसी विश्वास के साथ मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया।

मंदिर निर्माण के लिए गांव के लोग स्वेच्छा से आर्थिक और श्रम सहयोग प्रदान कर रहे हैं। किसी एक व्यक्ति के बजाय सामूहिक प्रयास से निर्माण कार्य संचालित किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सामग्री की व्यवस्था और निर्माण कार्य की निगरानी की जा रही है।



ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर बनने से क्षेत्र में धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को पूजा-पाठ के लिए सुसंगठित स्थान उपलब्ध होगा। वर्तमान में निर्माण कार्य निर्धारित योजना के अनुसार जारी है। निर्माण कार्य में अनिरुद्ध तिवारी, कमलेश श्रीवास्तव, पंकज शुक्ला, अनुपम पांडे, विजेंद्र सिंह, मोनू शुक्ला, रवि, बजरंगी सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर समितिनुमा व्यवस्था बनाकर कार्यों का समन्वय किया जा रहा है।

**आयोजन : 50 से अधिक कंपनियां लेंगी भाग, 5000 से ज्यादा पदों पर अवसर**

# 28 फरवरी को वृहद रोजगार मेला

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय, अम्बेडकरनगर द्वारा 28 फरवरी 2026 (शनिवार) को वृहद रोजगार मेला–2026 का आयोजन किया जा रहा है। मेला देव इन्द्रावती पी.जी. कॉलेज परिसर में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित होगा। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के अनुसार मेले में 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और 5000 से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य जनपद के शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को एक मंच पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि प्रतिभाग करने वाली प्रमुख कंपनियों में Honda, Tata Motors, New Holland, Dixon Technologies, Swiggy, Quess Corp और MRF सहित अन्य नामी कंपनियां शामिल हैं। विभिन्न कंपनियां अपने निर्धारित मानकों के अनुसार साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया पूरी करेंगी। मेले में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी पूर्व पंजीकरण के लिए रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आयोजन स्थल पर भी निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 155330 जारी किया गया है, जहां अभ्यर्थी मेले से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



### विभिन्न शैक्षिक योग्यताओं के लिए अवसर

मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक और परास्नातक अभ्यर्थियों के लिए अवसर उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा बीबीए, बीसीए, बीटेक, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, एमबीए, एमसीए तथा कंप्यूटर दक्षता प्राप्त अभ्यर्थी भी प्रतिभाग कर सकेंगे। तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों श्रेणियों में पदों की पेशकश की जाएगी। जिला प्रशासन के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियां अलग-अलग प्रोफाइल के लिए चयन प्रक्रिया संचालित करेंगी। अभ्यर्थियों को अपने शैक्षिक प्रमाणपत्र, बायोडाटा एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे।




# दशमोत्तर छात्रवृत्ति 2024-25 की संशोधित समय-सारिणी जारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना (कक्षा 11-12 को छोड़कर) की संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या 2545 दिनांक 20 फरवरी 2026 के अनुसार यह नई समय-सीमा निर्धारित की गई है। जारी निर्देशों के तहत विश्वविद्या-लयों एवं एफिलिएटिंग एजेंसियों को वास्तविक छात्रों का सत्यापन कर अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम एवं संस्थाओं को ब्लॉक करने की कार्रवाई करनी होगी। निर्देशों के अनुसार संबंधित विश्वविद्यालय या एफिलिएटिंग एजेंसी को संस्थानों में अध्ययनरत वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या की प्रमाणिकता डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापित करनी होगी। सत्यापन के दौरान अपात्र पाए जाने वाले छात्र, पाठ्यक्रम और संस्थानों को पोर्टल पर ब्लॉक किया जाएगा। यह व्यवस्था इस उद्देश्य से की गई है कि केवल पात्र छात्र-छात्राओं को ही छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिल सके। सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जनपद की समस्त अन्य दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं (कक्षा 11-12 को छोड़कर) को निर्देशित किया है कि वे संबंधित विश्वविद्यालय या एफिलिए-टिंग एजेंसी से तत्काल संपर्क कर निर्धारित समयावधि में सभी प्रक्रियात्मक कार्य पूर्ण कराएं।




**विश्वविद्यालयों को 27 फरवरी तक सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश**

# सम्पादकीय

## बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच साठगांठ




दिल्ली पुलिस की ओर से तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किए गए आठ संदिग्ध आतंकवादियों के बारे में जिस तरह यह जानकारी सामने आई कि वे देश की राजधानी में किसी बड़े हमले की साजिश रच रहे थे, उससे यही पता चलता है कि आतंकी संगठनों का दुस्साहस कम होने का नाम नहीं ले रहा है। तमिलनाडु और बंगाल से जो आतंकी गिरफ्तार किए गए, उनमें से अधिकांश बांग्लादेशी हैं, लेकिन वे पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्करे तैयबा के इशारे पर काम कर रहे थे। उनका हैंडलर बांग्लादेश में बैठा एक कुख्यात कश्मीरी आतंकी बताया जा रहा है। इसका मतलब है कि बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच साठगांठ कायम हो गई है। यह एक नया खतरा है और इससे भारत की चिंता बढ़ जाना स्वाभाविक है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के आतंकी तत्वों के बीच साठगांठ पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में तब हुई, जब मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का संचालन कर रहे थे। यह किसी से छिपा नहीं कि इस दौरान उन्होंने न केवल अपने देश के भारत विरोधी कट्टरपंथी तत्वों को उकसाने का काम किया, बल्कि पाकिस्तान से संबंध बढ़ाने में भी जुटे रहे। हैरानी नहीं कि इस सबके चलते पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के सरगना बांग्लादेश पहुंचे हों। जो भी हो, भारत की सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि कश्मीर के बहाने आतंकी तत्वों को बहकाने और उकसाने का काम जारी है। दिल्ली पुलिस की ओर से पकड़े गए आतंकियों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि उन्होंने दिल्ली और कोलकाता में भारत विरोधी पोस्टर चस्पा किए थे। इन पोस्टरों की छानबीन के तहत ही दिल्ली पुलिस संदिग्ध आतंकियों तक पहुंची। ध्यान रहे कि कुछ महीने पहले दिल्ली में लालकिले के निकट धमाका करने वाले आतंकी के साथियों ने भी इसी तरह श्रीनगर में भारत के खिलाफ पोस्टर लगाए थे। श्रीनगर में लगाए गए पोस्टरों की छानबीन से ही फरीदाबाद के उस आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था, जिसमें कई डाक्टर शामिल थे और जिनमें से एक ने आत्मघाती हमलावर बनकर लालकिले के निकट कार में विस्फोट किया था। ये दोनों घटनाएं यही बताती हैं कि पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों को प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और उनकी गहन जांच भी करनी चाहिए। दिल्ली पुलिस के हाथ आए संदिग्ध आतंकियों के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं और वे उन्हीं के जरिये तमिलनाडु एवं कोलकाता में काम कर रहे थे। इसका अर्थ है कि लोगों को इसके लिए आगाह किया जाए कि वे किसी को काम पर रखने के पहले उनके पहचान पत्रों की जांच सावधानी से करें।

# योगी को कई चौकिया फतेह करनी होगी



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

> अब देखना यह होगा कि यह सारी गोटिया किसको मातत् देते हैं और किसको 2027 में विजय श्री दिलाती हैं। वैसे भाजपा तथा संघ परिवार का सारा फोकस पीडीए के पी यानी पिछड़ा वर्ग पर है और इसके लिए वह किसी भी हद तक जा सकते हैं।



वैसे तो उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2027 में होंगे। लेकिन जिस तरह की तैयारी चल रही हैं उसमें यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कई मोर्चो पर अपने राजनीतिक विरोधियों से संघर्ष करना होगा या संघर्ष केवल प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी से नहीं बल्कि अपनों से भी है। वैसे भी अपनों की लड़ाई काफी दुष्कर और जटिल होती है। क्योंकि उसमें छोरा पीठ में भौंकने का अंदेशा हमेशा रहता है ।अपनों से लड़ाई तब और दिलचस्प हो जाती है जब इस लड़ाई में गोटिया कहीं और से चली जा रही हूं तथा मोहरा कोई अन्य हो। जी हां आप सही समझ रहे हैं मैं बात कर रहा हूं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बिल्कुल सामने खड़े सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बारे में इधर-उधर खड़े दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा बृजेश पाठक के बारे में तथा एक अन्य छोर पर खड़े शंकराचार्य के बारे में। अब ऐसे में जाहिर सी बात है कि 2027 का चुनाव जीतने के लिए योगी को एक साथ कई चौकिया को फतेह करना होगा। यह काम थोड़ा इसलिए भी मुश्किल है क्योंकि आग में घी डालने का काम संघ प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत कर रहे हैं। कभी वे कहते हैं कि हिंदुओं को तीन बच्चे पैदा करना चाहिए, कभी कहते हैं कि यूजीसी कानून का पालन सभी को करना चाहिए, कभी कहते हैं कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। अब जाहिर सी बात है कि समाज का भेदभाव कोई भी राजनीतिक दल चाहे वह बीजेपी ही क्यों ना हो कभी खत्म नहीं होने देंगे। जब भेदभाव खत्म नहीं होगा तो आरक्षण भी खत्म नहीं होगा। यह ध्रुव सत्य है। डॉक्टर मोहन भागवत के इन बयानों से उत्तर प्रदेश का सवर्ण समाज जिसे भाजपा का वोट बैंक माना जाता है वह काफी आक्रोशित है। उसे लगता है कि भाजपा तथा संघ दोनों सवर्णो को अपना जर खरीद गुलाम समझती है । अगर सवर्ण समाज का यूजीसी तथा आरक्षण पर गुस्सा इसी पैमाने पर रहा तो भाजपा का नुकसान होना तय है। यह नुकसान भाजपा किस तरह पूरा करेगी कहना मुश्किल है। वैसे भी योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद भाजपा को कोई राजनीतिक फायदा नहीं हुआ। आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में जब 2012 में मोदी जी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव हुए तो भाजपा को 312 सीटें मिली थी लेकिन चुनाव जब 2017 में योगी जी के नेतृत्व में लड़े गए तो 312 के बजाय 255 सीटें आयी। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 62 सीटें मिली लेकिन 2024 में यह सीटें घटकर 33 रह गई। इसी बात को हवा देने का काम बीजेपी का इनर सर्कल कर रहा है और जिसमें कभी-कभी संघ प्रमुख तथा कभी-कभी पुलिस प्रशासन घी डालने का काम करता है। घी डालने का जिक्र मैंने इसलिए किया क्योंकि प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरनंद के साथ जो कृत्य पुलिस प्रशासन ने किया उसको लेकर सनातन के अनुयायियों तथा हिंदुत्व समर्थकों में क्षोम और आक्रोश दोनों है। लेकिन चूंकी सरकार अब उनके अस्तित्व को ही खत्म कर देने पर तुल गई है। ऐसे में यह देखना होगा कि यह क्षोम और आक्रोश कितने दिनों तक रहता है और कितना नुकसान करता है। वैसे जिस तरह की संभावना बन रही है उसके मुताबिक शंकराचार्य जी की गिरफ्तारी 11 मार्च से पहले तय है इससे एक तो सरकार 11 मार्च को होने वाले आयोजन को पलीता लगा देगी और शनैः शनैः एक नए शंकराचार्य को प्रस्तुत कर देगी। वह शंकराचार्य स्वामी रामभद्राचार्य की सोच का होगा वैसे भी संघ परिवार तथा भाजपा समाज को बांटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही। अब शंकराचार्य को भी बांट दिया गया है और बता दिया गया है कि सरकार की हां में हां मिलाने वाला ही अपने को शंकराचार्य लिख सकता है। इस तरह शंकराचार्य अभी अविमुक्तेश्वरनंद की वह मुहिम भी कमजोर हो जाएगी जिसमें उन्होंने एक प्रेस नोट जारी करके बताया था कि पश्चिम बंगाल में गोवंशों की संख्या 15.18% बढ़ गई है और उत्तर प्रदेश में गोवंशों की संख्या 3.93% कम हो गई है। इतना ही नहीं जितना मांस बाहर भेजा जाता है उसमें उत्तर प्रदेश का हिस्सा 43% है। यहां यह जानना आवश्यक है कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर प्रयागराज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने इस मामले में उनके शिष्य मुक्तानंद ब्रह्मचारी को भी नामजद किया है जबकि दो तीन अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है । बताया जाता है कि रामभद्राचार्य के कथित शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर नाबालिकों के शोषण का आरोप शंकराचार्य पर लगाया था। यानी सत्ता ने लोहे को लोहे से काटने का काम किया है । अब देखना यह होगा कि यह सारी गोटिया किसको मातत् देते हैं और किसको 2027 में विजय श्री दिलाती हैं। वैसे भाजपा तथा संघ परिवार का सारा फोकस पीडीए के पी यानी पिछड़ा वर्ग पर है और इसके लिए वह किसी भी हद तक जा सकते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर इस समय शतरंज की प्रत्येक गोटी पर है। कब किस गोटी को कहां गिराना है यह शायद वह अच्छे से जानते हैं। तभी तो वह खामोशी से सभी की चालो को देख रहे हैं और अपनी लोकप्रियता को देश से बाहर जाकर भी बता रहे हैं। यह सही है कि 2027 का चुनाव उनके लिए इतना आसान नहीं है क्योंकि लड़ाई कई मोर्चो पर है। लेकिन उन्हें परास्त करना भी तो इतना आसान नहीं। किसी ने सच ही कहा है- दिल्ली से लखनऊ की हमेशा ठनी रही, दोनों के मिजाज अलग है। किया तबाह तो दिल्ली ने भी बहुत बिस्मिल, मगर खुदा कसम लखनऊ ने लूट लिया।

## राज वर्मा ने...

वीरेंद्र सिंह परिहार

# इक्विटी में अवसर बनाम भाजपा का कमंडल



डॉ.उदयराज मिश्र

> कल्याण के मुस्लिम सुबेदार की बहू का प्रसंग इस इस संदर्भ में एक ज्योति स्तम्भ की भांति है । शिवाजी ने सम्पदाय व मजहब के आधार पर किसी को निशाना नही बनाया। कोई मस्जिद नहीं तोडी, उन्होंने किसी मुसलमान या अन्य मतावलंबी को धर्मान्तरित नहीं किया। वह पूरी तरह न्याय के पक्षधर थे।



भारतीय राजनीति में सामाजिक तानेबाने को प्रभावित करने औरकि राजनीति की दिशा बदलने वाले दो बड़े प्रतीक रहे हैं—'मंडल' और 'कमंडल'। 1990 में वी.पी. सिंह द्वारा मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने से सामाजिक न्याय की राजनीति ने निर्णायक मोड़ लिया। किंतु इसके प्रतिउत्तर में भाजपा की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की धारा मजबूत हुई,जिसने आगे चलकर अटल बिहारी बाजपेई और फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को व्यापक जनसमर्थन दिलाया।आज बहस एक नए प्रश्न के इर्द-गिर्द घूम रही है कि उच्च शिक्षा और संस्थागत प्रतिनिधित्व से जुड़ी 'यूजीसी के इक्विटी बिल' आधारित नीतियाँ क्या मंडल से भी बड़ा सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव उत्पन्न कर सकती हैं? और यदि हाँ, तो इसका सबसे अधिक असर किस पर पड़ेगा—भाजपा पर या उसके पारंपरिक मतदाता आधार पर?क्या सचमुच भाजपा अपने परम्परागत स्थाई मतदाताओं को खोने के लिए और चिरस्थाई सत्ता के लिए पिछड़ों,दलितों और मुस्लिमों के समर्थन की प्रत्याशा में यह दांव खेलकर सवर्णों को ही चित्त करने को ठान चुकी है?जो भी हो अगर ये आग सामान्य वर्ग के लोगों को भस्म करेगी तो किला भाजपाका भी स्वाहा होगा,इसमें तनिक संदेह नहीं है।हां,आने वाला समय ही इस रहस्य का और सही जबाव देगा,जो शायद सबके लिए स्वीकार्य हो अन्यथा गृहयुद्ध के दहाने पर खड़ा भारत अपनों के रक्तस्नान से ळुहुलुहान होगा। प्रश्न जहां इक्विटी द्वारा अवसर का है तो इस पर 'इक्विटी' का तर्क कहता है कि ऐतिहासिक रूप से वंचित वर्गों को केवल समान अवसर देना पर्याप्त नहीं; उन्हें परिणामों में भी न्यायोचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।जबकि दूसरी ओर सामान्य वर्ग का एक हिस्सा इसे अवसरों के संकुचन के रूप में देखता है। सीमित सरकारी नौकरियाँ, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनिश्चितता और बढ़ती बेरोज़गारी के बीच यदि प्रतिनिधित्व आधारित प्रावधान और कड़े होते हैं, तो स्वाभाविक है कि असुरक्षा की भावना उभरे। यही असुरक्षा राजनीतिक असंतोष में बदल सकती है।यूजीसी के इक्विटी बिल में सवर्ण छात्रों के खिलाफ अकारण होने वाली शिकायतों की सत्यता जाने बिना उनके उत्पीड़न की आशंका बिल्कुल निराधार भी नहीं है।इस बिल द्वारा पिछड़े मुस्लिमों को सनातन विरोध का ब्रह्मास्त्र तो पिछड़ों और दलितों को अमोघ शक्ति मिल जाएगी।इस लिहाज से इस बिल का वापस होना ही कल्याणकारी है।आखिर सामान्य वर्ग के पास इसके विरुद्ध प्रतिकार और आंदोलन के अलावा कोई विकल्प भी तो शेष नहीं है।जबतक न्यायालय या स्वयं केंद्र सरकार इस बिल को यथोचित संशोधन सहित नहीं पेश करती या कि बिल को वापस लेती तबतक संघर्ष बंद होने की संभावना भी नहीं है और बंद भी नहीं होना है।हालांकि इस बिल का क्या होगा? यह अनिश्चित है किंतु पिछड़ों और दलितों में भाजपा अपने लिए स्थान बनाने का जो प्रयास की है,वह निष्फल भी नहीं दिखता है। गली चौराहों से दिल्ली के जंतर मंतर तक यूजीसी इक्विटी बिल को लेकर सामान्य वर्ग का बढ़ता विरोध भाजपा के लिए बहुत हल्का नहीं होगा।सामान्य वर्ग भाजपा का स्थाई समर्थक रहा है।जिसकी नाराजगी से भाजपा की संभावित राजनीतिक यात्रा दम तोड़ सकती है,क्योंकि पिछड़ों और दलितों का कभी भी भाजपा से पक्का लगाव नहीं रहा है।

## अमृता कम...

सुभाष शिरढोनकर

# 'राजी' की 'मुनीरा' अमृता खानविलकर



23 नवंबर 1984 को महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे के अजीत और गौरी खानविलकर के मध्यवर्गीय महाराष्ट्रियन परिवार में पैदा होने वाली मराठी और हिंदी फिल्म और टेलीविजन एक्ट्रेस अमृता खानविलकर का परिवार साल 1993 के मुंबई हमलों के बाद, पुणे चला गया। अमृता ने पुणे के कर्नाटक हाई स्कूल में पढ़ाई की और मराठवाड़ा मित्र मंडल कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स से स्नातक किया। अमृता की एक छोटी बहन है जिसका नाम अदिति है और वह एक एयर होस्टेस है। अमृता कम उम्र से ही फिल्म अभिनेत्री बनने की ख्वाहिश अपने दिल में पाल रखी थी। महज 20 साल की उम्र में उन्होंने टेलीविजन शो 'इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज' (2004) में एक प्रतियोगी के रूप में अपना करियर शुरू किया। उसी साल अमृता फिल्म एंड टेलीविज़न इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रस्तुत हिंदी में बनी शोर्ट फिल्म 'सांझ' (2004) में नजर आईं। साल 2005 में उन्होंने दो हिंदी टीवी शो एडीए (2005) और 'टाइम बम 9/11' (2005) किए। अमृता खानविलकर ने फिल्म 'गोलमाल' (2006) के साथ मराठी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया। इसके बाद वह पहली हिंदी फिल्म 'मुंबई सालसा' (2007) में नजर आईं। इस फिल्म में उन्होंने मंजरी फडनीस के किरदार की एक कामुक फ़्लैटमेट की भूमिका निभाई। उसके बाद अमृता ने 'साडे माडे तीन' (2007) 'गैर' (2009) 'शाला' (2011) 'फक्त लाठ म्हण' (2011) 'झकास' (2011) सतरंगी रे (2012) 'बाजी' (2015) 'एक दूजे के लिए' (2015) 'वन वे टिकिट' (2016) 'बस स्टॉप' (2017) 'अनी...डा काशीनाथ घाणेकर' (2018) 'रामपात' (2019) 'वेलडन बेबी' (2021) 'चंद्रमुखी' (2022) 'हर हर महादेव' (2022) और 'ऑटोग्राफ' (2023) जैसी मराठी फिल्में कीं। फिल्म 'चंद्रमुखी' (2022) 50 दिन से ज्यादा थियेटर में टिकी रही। रीजनल सिनेमा को इस तरह की सफलता यदा-कदा ही देखने को मिलती है। 'हर हर महादेव' (2022) में छत्रपति शिवाजी के कमांडर बाजी प्रभु देशपांडे की मुख्य निभा रहे शरद केलकर की पत्नी सोनाबाई देशपांडे की भूमिका के लिए अमृता के काम की खूब प्रशंसा हुई। मराठी फिल्मों के साथ ही साथ अमृता ने 'हैट्रिक' (2007) 'कॉंट्रेक्ट' (2008) 'फूंक' (2008) 'फूंक 2' (2010) 'फिल्म सिटी' (2010) 'हिम्मतवाला' (2013) 'रंगून' (2017) 'राजी' (2018) 'सत्यमेव जयते' (2018) और 'मलंग' (2020) जैसी हिंदी फिल्में कीं।

# ट्रंप के लिए आपदा और दूसरों को अवसर




टैरिफ को अपना नीतिगत हथियार मानने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी के एक फैसले में अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां कानून यानी आइईपीए के जरिये लगाए गए टैरिफ को असंवैधानिक ठहरा दिया। शीर्ष अदालत के इस निर्णय को हाल के दौर में व्हाइट हाउस की आर्थिक शक्तियों पर सबसे बड़े संस्थागत अंकुश के रूप में देखा जा रहा है। यह सिर्फ कुछ आयात शुल्कों को रद करने का मामला नहीं, बल्कि उस वैचारिक ढांचे पर चोट है, जिसके जरिये अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह मान लिया था कि वे अपनी मनमानी से वैश्विक व्यापार व्यवस्था को नए सिरे से तय कर सकते हैं। हाल के दिनों में आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका के साथ भारत की घटी तनातनी के संदर्भ में भी अमेरिकी अदालत का यह निर्णय राहत के साथ पेचीदगी और चुनौतियां भी प्रस्तुत करता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि टैरिफ लगाना 'टैक्स' लगाने के दायरे में आता है और अमेरिकी संविधान यह शक्ति कांग्रेस को देता है, न कि राष्ट्रपति को। अदालत ने यह दलील भी खारिज कर दी कि व्यापार घाटा या फेंटानिल की तस्करी जैसे मुद्दे इतनी व्यापक और स्थायी आपात स्थिति हैं कि आइईपीए के तहत दुनिया के लगभग हर देश पर 10 से 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगा दिया जाए।


डॉ. मनिष दाभाडे

## जरा हटके

## चीन ने श्रीलंका के ...

रामस्वरूप रावतसरे

# 'गलाथिया बे' प्रोजेक्ट का भारत के लिए सामरिक महत्व



देश के सबसे बड़े इंफ्रा प्रोजेक्ट ग्रेट निकोबार परियोजना को एनजीटी ने मंजूरी दे दी है। 92,000 करोड़ रुपए से बनने वाला यह प्रोजेक्ट भारत के लिए गेमचेंजर साबित होगा। सैन्य रणनीति, सुरक्षा, व्यापार और पर्यावरण के दृष्टिकोण से अंडमान निकोबार का सबसे निचला द्वीप ग्रेट निकोबार काफी अहम है। सरकार को उम्मीद है कि 2040 तक ये पूरी तरह तैयार हो जाएगा। अगर ये प्रोजेक्ट पूरी तरह बन जाता है तो भारत को एक 'हॉगकॉग' या 'सिंगापुर' मिल जाएगा। भारत हिन्द महासागर में चीन पर बढ़त बना लेगा। जानकारों के अनुसार सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण भारत का दक्षिणी छोर पर इंफ्रा प्रोजक्ट बनने जा रहा है। ये मलक्का जलडमरूमध्य से करीब 900 किमी दूर होगा। मलक्का जलडमरूमध्य वह समुद्री रास्ता है जिससे दुनिया की 30-40 फीसदी समुद्री व्यापार होता है। यह इंग्लिश चैनल के बाद दुनिया का सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग है जहाँ से जापान, चीन, दक्षिण कोरिया और पश्चिम एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया से यूरोप तक शिप और कंटेनर गुजरते है। इसे हिन्द महासागर का 'चोक प्वांइट पॉलिटिक्स' का केन्द्र भी माना जाता है। इस प्रोजेक्ट के कई आयाम बताए जा रहे है। 166 वर्ग मीटर के पूरे क्षेत्र में तीन क्षेत्रों में काम किया जाएगा। इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, जहाँ बड़े बड़े जहाज आकर रुक सकें। ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट यानी आमलोगों की आवाजाही और सेना के इस्तेमाल के लिए एयरपोर्ट। पावर प्लांट, जो करीब 450 मेगावॉट का होगा और ऊर्जा की जरूरतों को पूरा कर सके। नई टाउनशिप, जहाँ लाखों लोग बसाए जा सकें। जानकारों की माने तो भारत ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेड हब बन जाएगा, लाखों नौकरियाँ पैदा होगी। अभी लॉजिस्टिक्स कॉस्ट ज्यादा होने से परेशानी आ रही है। जब ग्रेट निकोबार में आधुनिक पोर्ट बनेगा तो कंटेनर सीधे यहाँ पहुँचेंगे। समय के साथ-साथ खर्च भी कम होंगे। दूसरे देशों की शिप भी पहुँचेगी और भारत को समुद्री व्यापार में हिस्सेदारी मिलेगी। इतना ही नहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी ये प्रोजेक्ट काफी अहम है। इस प्रोजेक्ट पर 92000 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। चीन ने श्रीलंका के हंबनटोटा, म्यांमार के क्योकफ्यू और पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाहों में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। एक तरह से उसने समुद्र में भारत को घेरने की कोशिश की है। ऐसे में भारत के लिए जरूरी है कि समुद्र में अपनी ताकत बढ़ाए। इस प्रोजेक्ट से निगरानी और सैनिकों की मौजूदगी आसान हो जाएगी। इंडो-पैसिफिक रणनीति के लिए भी ये काफी अहम बताया जा रहा है। साल 2024 में नरेंद्र मोदी सरकार ने गलाथिया बे को 'प्रमुख बंदरगाह' घोषित किया था। 90000 करोड़ रुपए का ये प्रोजेक्ट शिपिंग, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्रालय के तहत बनेगा और इसे केंद्र से पैसा मिलेगा। जानकारी के अनुसार इसे चार चरणों में बनाया जाएगा। पहला चरण 2028 तक पूरा होगा, जो 40 लाख टीईयू (कंटेनर) संभालेगा। 2058 तक ये बंदरगाह 1.6 करोड़ कंटेनर तक संभालने के काबिल हो जाएगा। बताया जा रहा है कि ये सिर्फ एक और बंदरगाह बनाने की बात नहीं है बल्कि ये भारत की समुद्री कमजोरी को ठीक करने का मौका है। भारत के पूर्वी तट के ज्यादातर बंदरगाहों की गहराई 8-12 मीटर है, जो बड़े जहाजों के लिए कम है। दुनिया के बड़े बंदरगाह 12-20 मीटर गहरे हैं जो 1.65 लाख टन से ज्यादा के जहाज संभाल सकते हैं। इसीलिए भारत का 25 प्रतिशत कार्गो कोलंबो, सिंगापुर और क्लैंग जैसे विदेशी बंदरगाहों से जाता है। इससे हर साल 1,500 करोड़ रुपये का सीधा नुकसान और अर्थव्यवस्था को 3,000-4,500 करोड़ का नुकसान लगता है। गलाथिया बे की 18-20 मीटर की प्राकृतिक गहराई और पूर्व-पश्चिम समुद्री रास्ते के पास इसकी जगह इसे इस निर्भरता को खत्म करने के लिए बिल्कुल सही बनाती है। रणनीतिक तौर पर ये भारत को बांग्लादेश और म्यांमार के कार्गो के लिए सिंगापुर से मुकाबला करने की ताकत देता है जहाँ अभी 70 प्रतिशत से ज्यादा कार्गो विदेशी बंदरगाहों से जाता है। कॉन्ग्रेस और पर्यावणविद इसके दीर्घकालीन पर्यावरण क्षति को लेकर विरोध कर रहे हैं। परियोजना का विरोध करने वाले कॉन्ग्रेस और पर्यावरणविद का मानना है कि इससे जैव विविधता, पारिस्थिकी तंत्र और शेरोन जैसे जनजातीय समुदाय को नुकसान होगा जिनकी आबादी पहले ही सैकड़ों में बची है। परियोजना के विरोध में कई याचिकाएँ कोलकाता हाईकोर्ट में अभी लंबित हैं। इस मुद्दे पर कॉन्ग्रेस नेता सोनिया गाँधी ने कहा कि 'शोम्पेन और निकोबारी आदिवासियों का अस्तित्व दाँव पर है' और 'भारत की आने वाली पीढ़ियाँ इस बड़े पैमाने की तबाही को नहीं झेल सकतीं लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कॉन्ग्रेस नेता सोनिया गाँधी कुछ नहीं कह रही हैं। इस पर भी इन्हें अपना मत रखना चाहिए। भारत का 40 प्रतिशत से ज्यादा ट्रांसशिपमेंट कोलंबो से होता है, जहाँ चीन एक टर्मिनल चलाता है और उसने वहाँ अरबों रुपये लगाए हैं। श्रीलंका बीजिंग के कर्ज में डूबता जा रहा है और वहाँ चीनी जासूसी जहाज भी रुकते हैं। इससे भारत की कमजोरी साफ दिखती है। ऐसे में गलाथिया बे का विरोध करना पर्यावरण की चिंता नहीं, बल्कि रणनीतिक योजना बताई जा रही है। जानकारों के अनुसार भारत अब विदेशी बंदरगाहों का इस्तेमाल और चीन के दबदबे को हिन्द महासागर में झेल नहीं सकता। ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर्यावरण को नष्ट करने का नहीं।

# 23-24 फरवरी को जांच, 25 से 27 फरवरी तक निःशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा

# एनटीपीसी लिमिटेड टांडा में मेगा नेत्र शिविर का शुभारंभ

**कार्यक्रम**

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा ने अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत मेगा नेत्र जांच एवं निःशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा ने किया। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा भी उपस्थित रहीं।

शिविर का आयोजन 23 एवं 24 फरवरी को किया जा रहा है। इन दो दिनों में मरीजों की नेत्र जांच, परामर्श और आवश्यक परीक्षण किए



जाएंगे। चयनित मरीजों की मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा 25 से 27 फरवरी तक महमाया राजकीय मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क की जाएगी।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रशासनिक एवं चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति रही। इनमें डॉ. मुकेश यादव, प्रधानाचार्य; डॉ. संजय सैवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अम्बेडकरनगर; एच.के. सेठी, महाप्रबंधक (प्रचालन); एस.सी. सिंह, महाप्रबंधक (सतर्कता); डॉ. मनीषा पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एनटीपीसी टांडा; प्रमोद गोयल, अपर महाप्रबंधक (अनुरक्षण) तथा रजनीश कुमार खेतान, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल रहे। अधिकारियों ने शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर के माध्यम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। आयोजन स्थल पर पंजीकरण, जांच और परामर्श की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

**सामुदायिक स्वास्थ्य पर विशेष जोर**

एनटीपीसी टांडा द्वारा आयोजित यह पहल सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक संगठित प्रयास के रूप में देखी जा रही है। संस्था द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए जाते रहे हैं।



**पहले दिन 150 मरीजों ने कराया पंजीकरण**

शिविर के पहले दिन 150 मरीजों ने पंजीकरण कराया। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने नेत्र परीक्षण करवाया। स्वास्थ्य टीम द्वारा मरीजों की दृष्टि जांच, मोतियाबिंद की पहचान तथा अन्य नेत्र रोगों का परीक्षण किया गया। एनटीपीसी टांडा के अधिकारियों के अनुसार, शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को समय पर जांच और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। आसपास के गांवों में जागरूकता के लिए पूर्व सूचना दी गई थी, जिसके परिणामस्वरूप पहले ही दिन उल्लेखनीय संख्या में लोग पहुंचे।

**दो दिवसीय जांच के बाद जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होगी, उनकी शल्य चिकित्सा 25 से 27 फरवरी के बीच मेडिकल कॉलेज में की जाएगी। पूरी प्रक्रिया निःशुल्क होगी, जिसमें जांच, ऑपरेशन और आवश्यक परामर्श शामिल है।**

**स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर मोतियाबिंद की पहचान और उपचार से दृष्टि हानि को रोका जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी के कारण कई लोग उपचार में देरी कर देते हैं, जिससे समस्या गंभीर हो जाती है। ऐसे में इस तरह के शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**

# प्रिंट रेट से ऊपर बिक रहा पान मसाला

## प्रशासनिक चुप्पी पर उठे सवाल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बहराइच। जनपद के विभिन्न क्षेत्र में गुटखा और पान मसाला की बिक्री निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक दामों पर होने की शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि 140 रुपये अंकित मूल्य वाला पैक खुलेआम 200 से 220 रुपये तक में बेचा जा रहा है, जिससे बाजार में अव्यवस्था और मनमानी मूल्य वसूली का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति केवल शहर तक सीमित नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ बड़े व्यापारी भारी मात्रा में स्टॉक जमा कर कृत्रिम कमी पैदा कर रहे हैं और बाद में ऊंचे दामों पर माल बेच रहे हैं। छोटे दुकानदार भी या तो मजबूरी में या दबाव में अधिक कीमत पर बिक्री कर रहे हैं। बाजार में जीएसटी या अन्य कर बढ़ने



की अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं, लेकिन किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि कर वृद्धि नहीं हुई, तो दाम क्यों बढ़े? और यदि बढ़े हैं, तो संबंधित आदेश सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? सबसे बड़ा प्रश्न प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई को लेकर है। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रिंट रेट से अधिक वसूली उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है, फिर भी जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस जांच या कार्रवाई नजर नहीं आ रही। लोगों ने मांग की है।

**फास्ट न्यूज**

### पयागपुर के खुटेहना चौकी पर पीस कमेटी की बैठक

बहराइच। बहराइच जिले के पयागपुर क्षेत्र स्थित खुटेहना चौकी परिसर में आगामी होली पर्व, रमजान माह तथा वर्तमान में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, कानून-व्यवस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना रहा। बैठक में जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### 70 किसानों का प्रशिक्षण दल पंतनगर व दिल्ली रवाना

बहराइच। सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत 70 प्रगतिशील किसानों का प्रशिक्षण दल सोमवार को कृषि भवन प्रांगण से पंतनगर स्थित जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय और नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए रवाना हुआ। उपनिदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दल को विदा किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से किसान आधुनिक तकनीक सीखकर खेती को लाभकारी बना सकेंगे और जिले की कृषि प्रगति को नई गति मिलेगी।

### महाकाल से लौट रहे यूपी के 4 दोस्तों की मौत

कानपुर। कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के 4 लड़कों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार चारों युवक बुरी तरह से फंस गए थे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से युवकों को गाड़ी से बाहर निकालकर हॉस्पिटल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

## प्रयागराज में दोस्त को कॉल की, बोला- मैथ से डर लग रहा

# हाईस्कूल का टॉपर एग्जाम से पहले फंदे पर लटका

**छात्र समीर के सुसाइड की खबर जैसे ही आसपास के लोगों को मिली। घर के बाहर भीड़ जमा हो गई।**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज में एग्जाम से ठीक पहले इंटर के छात्र ने सुसाइड कर लिया। उसने अपने दोस्त को आखिरी कॉल की। उससे कहा- मैथ से बहुत डर लग रहा। मैं समझ नहीं पा रहा कि कैसे पेपर दे पाऊंगा। इतना कहने के बाद वह अपने रूम में गया। वहां फंदे से लटक कर जान दे दी। छात्र दसवीं में अपने स्कूल का टॉपर रहा था। परिवार वालों और स्कूल के




मुताबिक छात्र पढ़ने में बहुत होनहार था। घटना सोमवार सुबग धूमनगंज थानाक्षेत्र के मुडेरा इलाके की है। मुंडेरा में जय सिंह अपनी पत्नी और दो बेटे समीर (17) और प्रिंस (10) के साथ रहते हैं। समीर कक्षा 12 में पढ़ता था। जबकि, प्रिंस कक्षा 5 का छात्र है। समीर के पेपर चल रहे थे। वह मुन्नी देवी इंटर कॉलेज में पढ़ता था। सोमवार को उसका मैथ का पेपर था।

**मां ने बेटे को फंदे पर देखा तो चीख पड़ी**

सोमवार सुबह करीब 7 बजे समीर की मां उसे जगाने के लिए पहुंचीं। कमरे के बाहर से कई बार आवाज लगाने के बाद भी अंदर से कोई रेस्पॉन्स नहीं मिला। शक होने पर परिजनों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की। जब दरवाजा खोला गया तो अंदर का नजारा देखकर सभी सन्न रह गए। समीर कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ था।



**परिजनों ने बताया कि समीर पढ़ाई में बेहद गंभीर और अनुशासित था। 10वीं कक्षा में वह अपने स्कूल का टॉपर रहा था। अन्य सभी विषयों में उसकी पकड़ मजबूत थी, लेकिन गणित को लेकर वह अक्सर दबाव महसूस करता था। वह मुंडेरा स्थित मुन्नी देवी इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र था और भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहता था धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने बताया- छात्र ने सुसाइड किया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

# खेत में हल चलाते दिखे पयागपुर विधायक

## पारंपरिक खेती को बताया आत्मनिर्भरता की कुंजी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बहराइच। आधुनिक खेती के दौर में जब पारंपरिक कृषि पद्धतियां धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही हैं, ऐसे समय में पयागपुर विधानसभा के विधायक सुभाष त्रिपाठी का खेत में हल चलाते नजर आना इलाके में चर्चा का विषय बन गया। लखनऊ से लौटते समय वे अपनी विधानसभा क्षेत्र के गुलरिया गाजीपुर में कटका मंडलाध्यक्ष राम निवास निषाद द्वारा आयोजित एसआईआर संबंधी बैठक में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में नकौड़ा गांव पड़ने पर उन्होंने अचानक वाहन रुकवाया और खेत में काम कर रहे किसानों के बीच पहुंच गए। देखते ही देखते उन्होंने हल की मूठ थाम ली और बैलों के



साथ खेत जोतने लगे। खेत की मेड़ पर जुटे ग्रामीणों और किसानों के बीच विधायक ने कहा कि भारतीय खेती की असली ताकत हमारी पारंपरिक पद्धतियों में छिपी है। उन्होंने किसानों से कम लागत और अधिक लाभ के लिए देशज तकनीकों, जैविक उपायों और पारंपरिक ज्ञान को अपनाने की अपील की। उनका कहना था कि जब तक हम अपनी मूल खेती पद्धति से जुड़े रहेंगे, तब तक खेती आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनी रहेगी। उन्होंने "जय जवान, जय किसान" का नारा देते हुए खेती को राष्ट्र की रीढ़ बताया। विधायक ने यह भी कहा कि पारंपरिक खेती से दूरी और आधुनिक तरीकों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण ही कई नई समस्याएं सामने आई हैं, जिनमें छुट्टा पशुओं की बढ़ती दिक्कत भी शामिल है। यदि किसान स्वदेशी पद्धतियों को फिर से अपनाएं तो खेती लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी बन सकती है। गौरतलब है कि सुभाष त्रिपाठी पूर्व में विधान परिषद सदस्य रह चुके हैं और लगातार दो बार विधायक चुने जा चुके हैं।

# 15 मार्च को होगी एटीएस विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बहराइच। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) रिसिया व बिछिया में प्रवेश हेतु 15 मार्च 2026 को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि प्रश्नपत्रों की तैयारी तथा परीक्षा परिणाम घोषित करने की जिम्मेदारी डायट प्राचार्य को सौंपी जाए। परीक्षा के दौरान प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए नायब तहसीलदारों एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित करने को कहा गया। वहीं कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति का दायित्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा



परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त करने की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपी गई है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना रिसिया व सुजौली पुलिस आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को शुचिता और अनुशासन के साथ सम्पन्न कराने पर बल दिया। बैठक का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने किया।

# बोर्ड परीक्षा देने जा रहे 5 छात्रों की मौत, 18-घायल

## रामपुर, प्रयागराज और लखीमपुर में 3 हादसे हुए

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखीमपुर-खीरी / रामपुर/ प्रयागराज। यूपी के तीन जिलों में हुए सड़क हादसों में बोर्ड परीक्षा देने जा रहे 5 परीक्षार्थियों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हैं। पहली घटना रामपुर की है। यहां दो बाइकों से जा रहे चार परीक्षार्थी ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। दूसरी घटना लखीमपुर खीरी में हुई। मैजिक गाड़ी से 16 छात्र परीक्षा केंद्र जा रहे थे। मैजिक और ट्रक की टक्कर में एक परीक्षार्थी की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर समेत 15 छात्र घायल हो गए। तीसरी घटना प्रयागराज की है। संस्कृत बोर्ड की परीक्षा देने तीन छात्र एक बाइक से जा रहे थे। पीछे से आ रहे



डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं। तीनों हादसे सोमवार को हुए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं कक्षा की अंग्रेजी की परीक्षा थी, जबकि संस्कृत बोर्ड की पूर्व मध्यमा की परीक्षा थी। रामपुर के रेनबो इंटर कॉलेज में विनीत (17), विनय शर्मा (16), मनु चौहान (17) और अरुण सैनी (18) हाईस्कूल में पढ़ाई करते थे। इनका परीक्षा केंद्र सनराइज इंटर कॉलेज टांडा बनाया गया था। सोमवार सुबह चारो स्टूडेंट दो बाइक्स से परीक्षा केंद्र जा रहे थे। सुबह साढ़े 7 बजे सरकथल गांव के पास एक टैक्टर ने दोनों बाइक्स को टक्कर मार दी। उनको रौंदते हुए ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। गांव वाले चीख-पुकार सुनकर दौड़े पहुंचे। पुलिस बुलाई गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। तीन परीक्षार्थी विनय शर्मा, मनु चौहान और अरुण सैनी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि विनीत घायल है। उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सभी फत्तावाला गांव के रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर संदीप मिश्रा ने बताया कि तीन छात्रों की मौत हो गई और एक घायल को भी जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# विदाई के बाद सीधे इंटरव्यू देने पहुंची दुल्हन

## आगरा में दूल्हा हाथ थामकर ले गया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में शादी की रस्मों के बाद दुल्हन की विदाई होनी थी। लेकिन, दूल्हा उसको विदा कर अपने घर ले जाने की जगह सरकारी नौकरी का इंटरव्यू दिलाने लेकर चला गया। दरअसल, दुल्हन ने शादी के पहले ही बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी वर्कर की वैकेंसी के लिए फॉर्म भर रखा था। संयोग से इसी बीच दुल्हन की शादी तय हो गई। जिस दिन विदाई होनी थी, उसी दिन उसका इंटरव्यू भी था। दूल्हे ने दुल्हन की भावनाओं को समझा। उसने झटपट शादी की रस्में निपटाईं और दुल्हन को आगरा के विकास भवन ले गया। वहां दुल्हन ने शादी के जोड़े में ही इंटरव्यू दिया। मामला लाडूखेड़ा का है। लाडूखेड़ा ब्लॉक मुख्यालय के रहने वाले मनोज



कुशवाहा साइबर कैफे चलाते हैं। करीब 3 महीने पहले अनीशा कुशवाहा अपने किसी काम से उनके साइबर कैफे पर आई थीं। वह पास के ही गांव में रहती हैं। इस बीच दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। दोनों ने अपने-अपने घर पर बात की, तो घरवाले भी उनकी शादी करने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद 21 फरवरी को मनोज और अनीशा की शादी हुई।

## हादसा : बैग कंधे पर टंगा रहा ■ प्रयागराज में मामा के साथ बाइक से जा रही थी

# स्कूली बच्ची पर चढ़ा ट्रक, सिर धड़ से अलग

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज में स्कूल जा रही 10 साल की बच्ची के ऊपर से ट्रक गुजर गया। उसका सिर धड़ से अलग हो गया। हादसा इतना भीषण था कि सिर सड़क पर ही चिपक गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। बच्ची के कंधे पर स्कूली बैग टंगा रहा। सोमवार सुबह बच्ची मामा और भाई के साथ बाइक से स्कूल जा रही थी, तभी सामने से रॉन्ग साइड में आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बच्ची सड़क की ओर गिर गई।जबकि मामा और छोटा भाई दूसरी ओर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे ट्रक के पहिए के नीचे बच्ची आ गई और सिर पूरी तरह से सड़क में चिपक गया। हादसे की दिल दहला देने वाली तस्वीर सामने आई है। इसमें दिख रहा कि मामा बच्ची के शव के बगल में बैठा हुआ


फलीशा, मृतक



है। सड़क पर बच्ची का खून बिखरा है। मामा रोते हुए घरवालों को हादसे की जानकारी दे रहा है। हादसा नैनी सेंट्रल जेल के सामने हुआ। यहां से बच्ची का स्कूल सिर्फ 500 मीटर दूर है। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। इसकी जानकारी मिलते ही बच्ची का परिवार मौके पर पहुंच गया। परिवार वाले शव देखकर चीखने लगे।इसके बाद शव सड़क पर रखकर बैठ गए। हादसे के बाद प्रयागराज–मिर्जापुर हाईवे पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हालांकि, पुलिस ने बाद में परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। बच्ची फलीशा (10) महेवा की रहने वाली थी। वह अपने भाई के साथ बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ती थी। फलीशा के पिता का निधन तीन साल पहले हो गया था।

### 6 हजार सैलरी, 42 सौ फीस, 2 दिन बाद था बर्थ-डे

मामा वलीउल्लाह ने बताया- फलीशा की मां रहमतुलनिशा महेवा के ही आरएनटी पब्लिक स्कूल में टीचर हैं। रहमतुलनिशा को स्कूल से 6 हजार सैलरी मिलती है। फलीशा उनकी इकलौती बेटी थी। बेटी को अच्छी एजुकेशन के लिए रहमतुलनिशा उसे अच्छे स्कूल में पढ़ा रही थी। वही जीने का सहारा थी। उसके बर्थडे की तैयारी भी चल रही थी। बर्थ-डे 2 दिन बाद 25 फरवरी को था।

### हादसे की खबर मिलते ही मां बेसुध

हादसे के बाद महेवा पूरब पट्टी स्थित बच्ची के घर में कोहराम मचा हुआ है। हादसे की खबर मिलने पर मां बेसुध हो गई। बीच-बीच में होश में आने पर बार-बार वह अपनी बच्ची को पुकार रही है।

# आवारा कुत्तों के हमले से चार घायल, एक जिला अस्पताल रेफर

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना के ईश्वरीसिंह मरौचा गांव में बीते दो दिनों में आवारा कुत्तों के झुंड ने तीन मासूम बच्चों समेत एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें आनन फानन में सीएचसी सूरतगंज ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने चार वर्षीय सौम्या का उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मनीष शुक्ला की चार वर्षीय पुत्री सौम्या, छह वर्षीय आदर्श और दस वर्षीय बिट्टू अपने घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक आवारा कुत्तों का झुंड वहां पहुंच गया और बच्चों पर हमला कर दिया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्चों को बचाया। हमले में पास ही मौजूद 50 वर्षीय राजेंद्र कुमार भी कुत्तों के हमले का



शिकार हो गए। हमले में चार वर्षीय सौम्या के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे सर्जरी के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया, जहां उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। सौम्या के पिता मनीष शुक्ला ने बताया कि बच्चे रोज की तरह घर के सामने खेल रहे थे, तभी अचानक कुत्तों ने हमला कर दिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गांव में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

# चलती ट्रेन में प्रेग्नेंट महिला पर चाकू से हमला

## खून से लथपथ 7 घंटे तक तड़पती रही, चप्पल पहनने को लेकर हुआ था विवाद

**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज में चलती ट्रेन में एक प्रेग्नेंट महिला पर चाकू से हमला किया गया। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में वार किया गया। लात-घूंसे भी बरसाए गए। प्रेग्नेंट महिला की चप्पल किसी महिला ने पहन लिया था। इसका विरोध करने पर महिलाओं ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। खून से लथपथ हाल में करीब 7 घंटे तक वह तड़पते हुए सफर करती रही। प्रयागराज पहुंचने तक हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पति दो दिन से बेटे को लेकर भटक रहा, लेकिन FIR नहीं दर्ज की गई। पीड़ित महिला 23 साल की आसमा है जो रानीगंज



प्रतापगढ़ की रहने वाली है। अपने पति हमीद के साथ मुंबई से साकेत एक्सप्रेस से प्रयागराज आ रही थी। उसे डफरिन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। जगह नहीं थी, ऐसे में वह गैलरी में ही बैठ गए। रात आठ बजे के करीब ट्रेन भुसावल-जबलपुर के बीच में थी। इसी दौरान ट्रेन में सवार एक महिला से आसमा का विवाद हो गया। महिला आसमा की चप्पल पहनकर टॉयलेट चली गई और उसे गीला भी कर दिया। इसी के विरोध पर महिला ने गालियां देनी शुरू कर दी।

### मासूम बेटे को लेकर दो दिन से भटक रहा

हमीद ने बताया- प्रयागराज में 22 फरवरी को भोर में तीन बजे करीब ट्रेन पहुंची। उसने घटना की जानकारी फोन से दी थी, जिस पर प्रतापगढ़ से उसके परिजन भी जंक्शन पर आ गए थे। यहां पहुंचने के बाद आसमा को डफरिन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां नाजुक हालत देख डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया। उधर जीआरपी थाने में घटना की जानकारी दी, जिस पर आरोपी महिलाओं और युवकों को ट्रेन से उतारकर थाने भी लाया गया। हालांकि कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टा उसे ही दोपहर तीन बजे तक जीआरपी थाने में बैठाए रखा गया। फिर यह कहते हुए छोड़ दिया गया कि पहले पत्नी का इलाज कराओ। दो दिन से वह मासूम बेटे को लेकर भटक रहा है।

**"पति हमीद ने बताया- वह मुंबई में रहकर बस चलाता है। साथ में पत्नी आसमा व दो साल का बेटा रिजवान भी रहते हैं। 21 फरवरी को घर लौटने के लिए हम तीनों साकेत एक्सप्रेस में सवार हुए। हमें ट्रेन से पहले प्रयागराज आना था और इसके बाद यहां से प्रतापगढ़ जाना था।**

### जीआरपी प्रभारी बोले, तहरीर नहीं मिली

इस मामले में जीआरपी प्रयागराज थाना प्रभारी अकलेश कुमार सिंह ने बताया- महिलाओं का आपस में झगड़ा हुआ था, लेकिन चाकू से हमले की जांच हो रही है। घटना जबलपुर के पास हुई और वहां पुलिस ने पीड़ितों को अटेंड भी किया, लेकिन वह ट्रेन छोड़ने को तैयार नहीं हुए।



### बाल पकड़कर जमीन पर गिराया

गालीगलौज के दौरान ही महिला के साथ बैठी एक अन्य महिला ने आसमा का बाल पकड़कर उसे अपनी ओर घसीटकर फर्श पर गिरा दिया। फिर दोनों मिलकर उसे लात-घूंसों से पीटने लगे। उसने विरोध किया तो हमलावर महिलाओं के साथ के दो युवक भी आ गए और उन्होंने भी आसमा को पीटना शुरू कर दिया।

# रमजान के पर्वों को लेकर डीएम और एसएसपी ने की समीक्षा बैठक

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा । जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में रमजान माह के पर्वों (जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर) के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने नियमित साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं, सुदृढ़ यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में पीस कमिटी की बैठक करले। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन सुनिश्चित करे तथा पूर्व में आई समस्याओं के निराकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्यवाही करे, शरारती तत्वों को चिन्हित करे तथा उन्हें नोटिस दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी निगरानी सुनिश्चित करें तथा अफवाह फैलाने वालों पर सख़्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह को निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करे तथा पर्व के दृष्टिगत अभियान चलाकर मस्जिदों के आस पास सफाई सुनिश्चित करे। नालों की सफाई कराए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई कराए। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करे।

**फास्ट न्यूज**

### सबा फरहत से परिवार के मिलने पर रोक लगी

मेरठ । मेरठ जेल में बंद पाकिस्तानी मूल की सबा फरहत के परिवार से मिलने पर रोक लगा दी गई है। सोमवार को सबा से मिलने के लिए उनके पति फरहत मसूद पहुंचे थे जिन्हें गेट से लौटा दिया गया। संवेदनशील मामला बताकर मिलने से रोका गया है। इसके खिलाफ परिवार अब मुख्यमंत्री और डीजीपी से शिकायत करने जा रहा है।

### फोड़े के ऑपरेशन के बाद बच्ची की तड़प-तड़पकर मौत

कानपुर। कानपुर में पैर के मामूली फोड़े के ऑपरेशन के बाद 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। ऑपरेशन थिएटर से निकलते ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसे हिचकी आई, फिर झटके लगने लगे। मां की गोद में ही बार-बार झटके लगते और बेहोश हो जाती।

परिवार इलाज के लिए गिड़गिड़ाया, तो अस्पताल स्टॉफ ने कहा कि थोड़ी देर में ठीक हो जाएगी। थोड़ी देर तक ऐसे ही बेहोश होती रही, फिर मां की गोद में ही उसने दम तोड़ दिया। ऑपरेशन के करीब 4 घंटे बाद ही बच्ची की मौत हो गई।

### ताज महोत्सव में मधुबनी पेंटिंग्स लोगों को लुभा रही

आगरा। ताज महोत्सव में इस बार कई ऐसी स्टॉल हैं जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। इन्हीं में से एक है बिहार के मधुबनी से आई महिला शिल्पकार की मधुबनी पेंटिंग्स की स्टॉल, जहां प्राकृतिक रंगों से बनी कलाकृतियां लोगों को खासा लुभा रही हैं। महिला शिल्पकार ने बताया कि वह फूलों और पत्तियों से निकाले गए नेचुरल कलर से पेंटिंग तैयार करती हैं।

# छात्राओं को ताजमहल एवं फतेहपुर सीकरी विजिट को रवाना




**तमसा संकेत, संवाददाता**

- **जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर आगरा किया रवाना**

मथुरा । महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक (स०शि०), उ०प्र०. लखनऊ के निर्देशों के क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं का पाठ्यपुस्तकों में पढ़ाये गये इतिहास और विज्ञान के सिद्धांतों आदि के प्रति जिज्ञासा के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों/ के०जी०बी०वी० के 400 बालिकाओं और स्टॉफ (नौहझील, मांट, राया तथा बल्देव) का एक्सपोजर विजिट ताजमहल एवं फतेहपुर सीकरी, आगरा हेतु भेजा गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर आगरा को रवाना किया।

# नौकरशाही छोड़ अब राजनीति के मैदान में उतरे पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री

मथुरा। यूपी के चर्चित पूर्व अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने राजनीति के मैदान में अपनी नई पारी का आगाज़ कर दिया है। सोमवार को कान्हा की नगरी वृंदावन से उन्होंने अपनी नई राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के गठन की औपचारिक घोषणा की। बता दें कि अलंकार अग्निहोत्री उस समय सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और यूजीसी के नए नियमों से जुड़े विवाद के चलते सिटी मजिस्ट्रेट के पद से त्यागपत्र दे दिया था। सरकारी सेवा छोड़ने के बाद से ही उनके राजनीति में आने की अटकलें लगाई जा रही थीं। वृंदावन के श्री हरिदास धाम आश्रम में मीडिया से बात करते हुए अग्निहोत्री ने बताया कि उनकी पार्टी का नाम राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (RAM) है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी के विजन में राम और कृष्ण दोनों का समावेश होगा और वह इन्हीं आदर्शों को साथ लेकर जनता के बीच जाएंगे।

## एमआईटी में वार्षिकोत्सव मृदंग-2026 की धूम, संगीत, नृत्य और फैशन का रंगारंग संगम

# एमआईटी में युवा महोत्सव मृदंग 2026 में रॉकिंग परफॉर्मेंस



- **बैटल ऑफ बैंड की धुन से सांस्कृतिक संध्या सुरमई बनी**
- **युवा-महोत्सव मृदंग-2026 में फैशन का तड़का**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में वार्षिकोत्सव मृदंग-2026 का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय युवा महोत्सव मृदंग का उद्घाटन चीफ गेस्ट कर्नल सी.के शर्मा कमांडिंग ऑफिसर एनसीसी मेरठ,चेयरमैन विष्णु शरण,निदेशक डॉ केएलए खान, प्राचार्य डॉ हिमांशु शर्मा,डीन एकेडमिक डॉ गौरव शर्मा,डॉ नीरज कांत शर्मा, डॉ संजय



माथुर,अजय चौधरी ने संयुक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना, गणेश पूजा और विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से मृदंग को नए आयाम पर पहुंचा दिया। छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश की विभिन्न सांस्कृतिक वेशभूषा, खानपान आदि के बारे में नृत्य की मदद से प्रस्तुत किया।

युवा महोत्सव के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत 'टॉयकाथॉन-2026' का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, प्राचीन वेदों और पारंपरिक खेलों पर आधारित खिलौने तैयार किए। इस पहल का उद्देश्य देश में घरेलू खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के साथ-साथ विलुप्त हो रहे भारतीय खेलों को पुनर्जीवित करना था। शाम को आयोजित फैशन शो महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। फैशन शो में महिला सशक्तिकरण थीम्स — इंडो-वेस्टर्न, विभिन्न राज्यों के दुल्हन परिधान और अन्य आकर्षक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने जब रैंप पर कदम रखा, तो पूरा कॉलेज तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

### कार्यक्रम बैटल ऑफ बैंड प्रतियोगिता

दोपहर में कार्यक्रम बैटल ऑफ बैंड प्रतियोगिता रहा। जिसमें विभिन्न कॉलेजों से 05 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बैंड्स ने एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सभी ने अपने-अपने बैंड बजाकर सुरों की महफिल का जादू बिखेरा, बैंड की धुन पर छात्र-छात्राओं ने घंटों डांस किया। शाम में सहज़ बैंड की। विशेष परफॉर्मेंस ने बॉलीवुड गीतों पर धमाकेदार प्रदर्शन किया। बैंड की धुन में छात्र-छात्राओं ने खूब मस्ती की और बार-बार तालियां बजाकर बैंड का उत्साह भी बढ़ाया।

## एकेटीयू के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे वितरित करेंगे 1108 विद्यार्थियों को उपाधियां

# एमआईईटी में 26 फ़रवरी को दीक्षांत समारोह आयोजित

**नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दीक्षांत एवं मनोहर को टेक्नोलॉजी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप, मोहित को सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप तथा सार्थक सिसोदिया को एक्सेसिबिलिटी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप अवार्ड प्रदान किया जाएगा।**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में 26 फरवरी को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे करेंगे। इस अवसर पर वर्ष 2025 के कुल 1108 छात्र-छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। संस्थान में आयोजित प्रेस वार्ता में कैंपस निदेशक प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने बताया कि बीटेक के 718, बी.फार्मा के 68, एमबीए के 176, एमसीए के 113, एमटेक के 12 तथा एमफार्मा के 21 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह के दौरान




कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में वीएलएसआई डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी तथा सेंटर फॉर ड्रोन टेक्नोलॉजी का उद्घाटन भी किया जाएगा। एमटेक (सीएसई) में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर तनु त्यागी को गोल्ड मेडल तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रज्ञा जैन को सिल्वर मेडल प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बीटेक कंप्यूटर साइंस की तन्वी बंसल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के दीपक शर्मा, एमबीए की मनीका कंसल, बायोटेक्नोलॉजी की प्रशस्ति एवं विक्षिका तथा एमसीए की नंदनी अग्रवाल को विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने पर रैंक मेडल से सम्मानित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के उपरांत इंडस्ट्री-अकादमिक इंटरैक्शन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें उद्योग जगत की चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों पर विचार-विमर्श होगा। कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, इंडियन इंडस्ट्री एसोसिए-शन, मेरठ मैनेजमेंट एसोसिएशन सहित मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स स्पोर्ट्स गुड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, हेवी व्हीकल तथा बैंकिंग क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

प्रेस वार्ता में एमआईईटी के प्रेस प्रवक्ता अजय चौधरी, डीन एकेडमिक डॉ. संजीव सिंह, रजिस्ट्रार शिवपूजन सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर तथा डॉ. मधुबाला शर्मा उपस्थित रहे।

# सोनभद्र में मिट्टी का टीला धंसा तीन महिलाओं की मौत

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सोनभद्र । म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरवानी जंगल में पुताई के लिए मिट्टी निकालने गई महिलाओं के साथ हादसा हो गया. खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई, जिससे वहां काम कर रही करीब पांच महिलाएं दब गईं. दुर्घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और गांव में चीख-पुकार मच गयीं.

टीले का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिराः एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि गांव की महिलाएं जंगल में पीली मिट्टी निकालने गई थीं. इसी दौरान अचानक मिट्टी के टीले का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा और पांच महिलाएं उसके नीचे दब गईं.

आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी. सूचना मिलते ही एसडीएम, सीओ और पुलिस टीम



मौके पर पहुंच गई.

जेसीबी मशीन की मदद ली गयीः एसपी अभिषेक वर्मा ने कहा कि जेसीबी मशीन की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया. तीन महिलाओं के शवों बाहर निकाले गये. वहीं दो महिलाओं को समय रहते सुरक्षित निकाल लिया गया. हादसे में दोनों घायल हो गयीं, लेकिन किसी तरह उनकी जान बच गई. कई घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में पुलिस, फायर ब्रिगेड और वन विभाग की टीम शामिल थीं.

मौके पर पहुंचे डीएम और एसपीः सूचना मिलने पर डीएम बद्रीनाथ सिंह और एसपी अभिषेक वर्मा मौके पर पहुंचे. एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि कुछ महिलाएं घर को पोतने के लिए टीले से मिट्टी खोदने आई थी. परंपरागत तौर पर महिलाएं त्योहार से पहले घरों को नई मिट्टी से पोततीं हैं. पांच महिलाएं मिट्टी में दब गईं. इनमें से दो को बचा लिया गया. घायल फूल कुमारी और नजीबुल निशा को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### ब्रह्मोस ने अच्छे-अच्छे...

लगेगा तेत्रायुग की अयोध्या आ गई है। भगवान राम के समय की। इस पर प्रवासी भारतीयों ने जय श्रीराम के नारे लगाए।

CM ने कहा,75 हजार एकड़ का लैंड बैक यूपी के पास है। हमने कलस्टर तैयार किए हैं। वहां बिजली की निर्बाध सप्लाई है। सुरक्षा का माहौल है। किसी तरह का अब कोई डर नहीं। हां, 9 साल पहले बेटियां डरती थीं। अब तो लड़कियां नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं।

योगी ने कहा, नया भारत दुनिया के अंदर अपनी ताकत दिखा रहा है। दिल्ली में AI समिट को देखा होगा। 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शामिल हुए थे। 100 से ज्यादा देशों के लोग इसमें आए थे। विकसित देशों के राष्ट्राध्यक्ष ने पीएम मोदी के नए भारत के द्वारा 140 करोड़ लिए अहम कदम उठाए हैं। सबने इसकी प्रशंसा की है।

### सिंगारपुर में महिला...

स्वाति ने कहा, जब संत सियासत में आता है तो सियासत इबादत बन जाती है, बन चुकी है। मैं उत्तर प्रदेश की साढ़े 11 करोड़ महिलाओं की ओर से मुख्यमंत्री को 'भैया' कहती हूं, क्योंकि उत्तर प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षा का माहौल मिला है। अब महिलाएं रात में भी निडर होकर बाहर निकल सकती हैं। अपराधियों में कानून का भय है। योगी हैं तो यूपी है और संस्कृत में कहा, "योगी नेतृत्वे प्रदेशः भवति सुरक्षितम शुभम"।

### न्यू इंडिया दिखा रहा ...

आज हम एक भारत श्रेष्ठ भारत की यात्रा के साथ आगे बढ़ रहे हैं. इस यात्रा के साथ हर भारतीय को जुड़ना चाहिए, हर प्रवासी भारतीय को जुड़ना चाहिए.

### सुप्रीम कोर्ट त्योहारों...

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने अदालत को बताया कि यह मामला आम जनता के हित से जुड़ा है। सरकार और संबंधित विभाग इसे हाईलेवल पर देख रहे हैं। मामले में अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी।

एयरलाइंस ने इकोनॉमी क्लास में मुफ्त चेक-इन बैगेज की सीमा 25 किलो से घटाकर 15 किलो कर दी है। साथ ही, कई छिपे हुए चार्ज और डायनामिक प्राइसिंग के जरिए यात्रियों से ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं।

अभी किसी भी सरकारी संस्था के पास हवाई किराए पर सीधा कंट्रोल या सीमा तय करने का अधिकार नहीं है, जिससे एयरलाइंस मनमाने तरीके से कीमतें बढ़ा लेती हैं, खासकर त्योहार या इमरजेंसी के समय। सिविल एविएशन सेक्टर में पारदर्शिता और यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र रेगुलेटर बनाया जाए, ताकि आम लोगों को मनमानी कीमतों और अतिरिक्त शुल्क से राहत मिल सके। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, DGCA और एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी (AERA) को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा था। कोर्ट ने कहा था कि त्योहारों के समय हवाई किराए में अचानक भारी बढ़ोतरी शोषण जैसा है। याचिका में महाकुंभ, पहलगाम आतंकवादी हमला के बाद किराए में बढ़ोतरी का हवाला दिया गया।

दिसंबर 2025 में इंडिगो संकट के दौरान भी कई प्राइवेट एयरलाइंस के किराए में उछाल देखने को मिला था। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से 10 गुना कीमत तक पर टिकट खरीदने पड़े थे।

### एआई समिट हंगामा...

21 फरवरी को पटियाला कोर्ट ने पहले से गिरफ्तार 4 आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा था।

दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर AI समिट के दौरान शर्टलैस होकर PM मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।

दिल्ली पुलिस ने आरोपी और यूथ कांग्रेस के नेता कृष्ण हरि की गाड़ी बरामद की। कार से पीएम मोदी चेहरा छपी टी-शर्ट और पोस्टर भी मिले हैं।

### बस हाईवे से नदी में...

आर्म्ड पुलिस फोर्स (APF) के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

बस (Ga 1 Kha 1421) पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी किसी कारण ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। हादसा देर रात करीब रात 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की अन्य वजहों की भी जांच कर रही है।

इससे पहले नेपाल के बैतड़ी जिले में 5 फरवरी को बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी थी। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए थे।

### हादसे के समय बस...

हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों के कर्मियों ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर बचाव कार्य किया।

### डबल डेकर बस...

हादसा बेहद दर्दनाक है। हादसे के बाद मौके से जो तस्वीरें आई हैं, उनमें कई यात्रियों के हाथ-पैर शरीर से अलग दिख रहे हैं। दुर्घटना की जगह पर चारों ओर खून ही खून नजर आ रहा है। हादसे में घायल यात्री सड़क किनारे तड़प रहे हैं। उन्हें अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

बस हादसे के बाद 21 घायलों को गोसाईंगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही मौके पर एंबुलेंस पहुंचीं और घायलों को तुरंत अस्पताल ले गईं।

बस में 40 से ज्यादा लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद सवारियों का सामान सड़क पर फैल गया। फिलहाल घायलों को गोसाईगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हादसा गोसाईंगज इलाके के हसनापुर के पास हुआ। बताया जा रहा है कि बस में 40 यात्री सवार थे। प्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। हादसे के बाद बस को क्रेन की मदद से सड़क से हटा दिया गया है।

### अकबरपुर ब्लॉक ...

ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और भूमि विवाद से संबंधित फाइलों को आगे बढ़ाने के लिए कथित तौर पर 'स्पीड मनी' ली जाती है। बिना भुगतान के फाइलों के लंबित रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। सूत्रों का कहना है कि निजी कर्मचारी आवेदनकर्ताओं से सीधे संपर्क में रहते हैं और प्रक्रिया को तेज कराने के नाम पर धन की मांग करते हैं। यह भी आरोप है कि प्राप्त राशि का एक हिस्सा ऊपर तक पहुंचाया जाता है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### मैं भाग नहीं रहा हूं...

जहां भाजपा सरकार नहीं, उस राज्य की पुलिस से जांच कराई जाए।

वहीं, एक महिला सुबह अविमुक्तेश्व-रानंद का आशीर्वाद लेने पहुंची। वह शंकराचार्य पर लगे आरोपों से भावुक हो गई और फूट-फूटकर रोने लगी। शंकराचार्य ने उसे समझाया। कहा- रोना तब, जब गुरु गड़बड़ निकले।

यूपी कांग्रेस ने मामले में प्रधानमंत्री मोदी को लेटर लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमु-क्तेश्वरानंद के विरुद्ध दर्ज 'पॉक्सो केस' से राजनीतिक प्रतिशोध की बू आती है। यह कार्रवाई तब हुई, जब शंकराचार्य ने कुंभ मेले की अव्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को हुई परेशानियों पर प्रदेश सरकार से सवाल किए थे।

इससे पहले रविवार को पुलिस शिकायतकर्ता आशुतोष महाराज के साथ माघ मेला क्षेत्र पहुंची।

